मंगलवार

23 अप्रैल 2024

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




तेजस्वी ने शाह-मोदी और नीतीश के फैमली मेंबर की करवाई गिनती 2



# विशेश्वर ओझा हत्याकांड में हरेश और ब्रजेश मिश्रा को सश्रम उम्रकैद की सजा

- कोर्ट ने पांच अन्य आरोपियों को दस-दस साल कारावास की सुनाई सजा
- करनामेपुर ओपी के सोनवर्षा के पास 12 फरवरी 2016 की शाम गोलियों से भून दिये गये थे भाजपा नेता



विशेश्वर ओझा



हरेश मिश्रा



ब्रजेश मिश्र

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के बहुचर्चित भाजपा नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड में कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। हत्याकांड मुख्य के आरोपित हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्र को सश्रम आजीवन कारावास जबकि पांच अन्य को दस-दस साल की कैद की सजा सुनाई गई है। मिश्रा बंधुओं के खिलाफ 85-85 जबकि पांच अन्य के खिलाफ 35-35 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। एडीजे आठ नीरज किशोर की कोर्ट द्वारा सोमवार को यह फैसला सुनाया गया। उससे पहले अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से सजा की बिंदु पर बहस हुई। अपर लोक अभियोजक माणिक कुमार सिंह द्वारा कठोरतम सजा देने की मांग की गयी। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता विष्णु धर पांडेय व रामाशंकर त्रिपाठी की ओर से अपना पक्ष रखते हुए कम से कम सजा देने की मांग की गयी थी।

इधर, बहुचर्चित मामले में फैसले को देखते हुए कोर्ट की सुरक्षा सख्त कर दी गई थी। कोर्ट के गेट से लेकर परिसर तक काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये थे। अपर लोक अभियोजक माणिक कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट की ओर से हत्या के आरोप में सोनवर्षा गांव निवासी ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा को सश्रम आजीवन कैद जबकि हत्या के प्रयास में दस दस साल की कारावास की सजा सुनाई गई है। दोनों भाइयों के खिलाफ हत्या के मामले में 50-50, हत्या के प्रयास में 25-25 और आर्म्स एक्ट में दस दस हजार का जुर्माना लगाया गया है। उसी तरह कोर्ट द्वारा पांच अन्य अभियुक्तों में उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह को हत्या के प्रयास में दस दस साल की कैद की सजा सुनाई गई है। इन सभी के खिलाफ हत्या के प्रयास में 25-25 हजार और आर्म्स एक्ट में दस-दस हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। एपीपी ने बताया कि 12 फरवरी 2016 की शाम करनामेपुर ओपी क्षेत्र के ओझवलिया गांव निवासी भाजपा नेता विशेश्वर ओझा की सोनवर्षा बाजार के समीप गोली मार हत्या कर दी गई थी। उस मामले में हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा सहित सभी सातों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उस मामले में कोर्ट की ओर से नौ अप्रैल को सभी सातों आरोपितों को दोषी पाया गया था। वहीं पुलिस की जांच में अप्राथमिकी आरोपित किये गये छह लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी भी कर दिया गया था।

## अभियोजन ने माना-रेयर ऑफ द रेयरेस्ट केस, बचाव पक्ष बोला: दलील गैर जरूरी

**आरा।** भाजपा नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड में सोमवार को सजा के बिंदु पर कोर्ट में करीब 23 मिनट तक कार्यवाही चली। 11 बजकर 48 मिनट पर शुरू हुई कार्यवाही 12 बज कर 11 मिनट पर समाप्त हो गई।उस दौरान अभियोजन की तरफ से अपर लोक अभियोजक माणिक कुमार सिंह ने बहस की। उन्होंने आईपीसी की धारा 302 के तहत आरोपित हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा को कठोरतम सजा फांसी की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह केस रेयर ऑफ द रेयरेस्ट मामले की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि इस हत्या कांड के मुख्य चश्मदीद गवाह की हत्या कर दी गई थी। उस मामले में भी ब्रजेश मिश्रा और उनके सहयोगियों को अभियुक्त बनाया गया है। उस मामले में ब्रजेश मिश्रा को आजीवन कारावास की सजा मिली है। ऐसे में ब्रजेश मिश्रा सहित दोनों मुख्य अभियुक्तों को कठोरतम सजा दी जाए। उन्होंने आईपीसी की धारा 307 तहत दोषसिद्ध सभी पांच अपराध कर्मियों को आईपीसी 307 के सेक्शन 2 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने की मांग की। उधर, बचाव पक्ष की ओर ब्रजेश मिश्रा के अधिवक्ता विष्णु धर पांडेय ने कहा कि अपर लोक अभियोजक गैर जरूरी है। यह मामला रेयर ऑफ द रेयरेस्ट नहीं है पुलिस हत्या का कारण का मोटिव भी स्पष्ट नहीं कर सकी है। ऐसे में सजा सुनाए जाने के समय नरमी बरती जाए। वहीं रामाशंकर त्रिपाठी उर्फ मुन्ना त्रिपाठी ने सेशन ट्रायल 390/17 में सजा के बिंदु पर बहस करते हुए कहा कि सभी अभियुक्त 6 से 7 साल तक जेल में बिता चुके हैं। ऐसे में जेल में काटी गई अवधि का भी ध्यान रखते हुए सजा सुनाई जाये। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट की ओर से अपना फैसला सुना दिया गया।

**हरेश-ब्रजेश सहित तीन की वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी, चार को पुलिस सुरक्षा में लाया गया कोर्ट:** सजा सुनाये जाने को लेकर सोमवार को कोर्ट में काफी गहमागहमी रही। सजा सुनाये जाने को लेकर हरेश और ब्रजेश मिश्रा सहित तीन की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी कराई गयी। वहीं इस कांड में दोष सिद्ध उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, हरेंद्र सिंह और पप्पू सिंह को आरा मंडल कार से भारी सुरक्षा के बीच लाया गया था। बता दें कि ब्रजेश मिश्रा बक्सर जबकि हरेश मिश्रा और बसंत मिश्रा भागलपुर जेल में बंद हैं। ऐसे में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए तीनों को उपस्थित कराया गया। इसके अलावा अदालत में अधिवक्ता मधुरेंद्र कुमार पांडेय, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भीतर और बाहर मौजूद थे। इस अहम फैसले को कवर करने के लिए अदालत कक्ष के बाहर भारी संख्या में मीडिया कर्मियों की भीड़ भी मौजूद थी।

## शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में ममता सरकार को झटका

# बंगाल के 24 हजार शिक्षकों की बहाली हाईकोर्ट ने रद्द की

- कोर्ट ने इन शिक्षकों को मिले वेतन को लौटाने का भी दिया आदेश
- कोर्ट ने एसएससी को नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का दिया निर्देश

**एजेंसी/कोलकाता**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को करारा झटका दिया है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन प्रक्रिया के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने इसे अमान्य करार दिया है। इस भर्ती में पैनल पर करीब 5 से 15 लाख रुपए घूस लेने का आरोप है। साथ ही कोर्ट ने इन शिक्षकों को मिले वेतन को लौटाने का भी आदेश दिया है। इसकी वसूली का काम जिला अधिकारियों को सौंपा है। जज देबांग्शु बसाक और जज मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने सीबीआई को नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने व तीन महीनों में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) को नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया।

बता दें कि 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 2016 एसएलएसटी परीक्षा दी थी। कुछ याचिकाकताओं की ओर से पेश वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि इन रिक्तियों के लिए कुल 23,753 नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक लगाने के कुछ अपीलकताओं के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। एसएससी अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि आयोग पूरा आदेश पढ़ने के बाद उच्चतम न्यायालय में अपील करेगा और उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देगा। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद कोर्ट परिसर के बाहर इंतजार कर रहे सैकड़ों अभ्यर्थी खुशी में रो पड़े। उनमें से एक ने कहा, हम इस दिन का इंतजार कर रहे थे। सड़कों पर किए वर्षों के संघर्ष के बाद आखिरकार न्याय मिल गया है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित खंडपीठ ने एसएलएसटी-2016 के जरिए नौवीं, दसवीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के शिक्षकों तथा ग्रुप-सी और डी पदों पर एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित कई याचिकाओं तथा अपीलों पर विस्तारपूर्वक सुनवाई की।

**सीबीआई कर रही थी मामले की जांच:** मामले में सुनवाई 20 मार्च को पूरी हुई थी और पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने एसएलएसटी-2016 में बैठे लेकिन नौकरी न पाने वाले कुछ अभ्यर्थियों की रिट याचिकाओं पर भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने अनियमितताएं पाए जाने के बाद शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की कई नौकरियों को खत्म करने का भी आदेश दिया था। इस मामले के संबंध में याचिकाओं का निस्तारण करते हुए उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2023 को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से एसएलएसटी-2016 के जरिए भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी याचिकाओं तथा अपीलों पर सुनवाई के लिए एक खंडपीठ गठित करने का अनुरोध किया था। सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार इस मामले की जांच पूरी की और एक रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंप दी थी। सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कथित घोटाले के वक्त पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) में विभिन्न पदों पर रहे कुछ पदाधिकारियों को भी गिरफ्तार किया है। अब इन पदों के लिए दोबारा भर्ती की जाएगी।

## सीएम ममता बनर्जी बोलीं... अदालत के फैसले को देंगे चुनौती



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2016 की शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को सोमवार को अवैध करार दिया और कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी। ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, सभी नियुक्तियों को रद्द करने का अदालत का फैसला अवैध है. हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेता न्यायपालिका और उनके फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि हम उनके साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गई।

## वोट मांगने गए जहानाबाद सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी का लोगों ने किया विरोध

**जहानाबाद।** बिहार में जहानाबाद लोकसभा सीट से एनडीए गठबंधन की ओर से स्थानीय सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी को जेडीयू ने फिर से प्रत्याशी बनाया है लेकिन इस बार उनका जगह-जगह पर विरोध हो रहा है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सांसद एक गांव में वोट मांगने के लिए गए हैं। जैसे ही गांव के लोगों को यह पता चला कि सांसद वोट मांगने आए हैं, वैसे ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई और उनका विरोध शुरू कर दिया। वहीं खड़ें कुछ युवा कहते हैं कि नीतीश सरकार ने युवाओं के लिए कुछ नहीं किया। शिक्षक भर्ती में दूसरे राज्य को मौका देकर बड़ी संख्या में वहां के लोगों की भर्ती कर दी गई। वोट बिहार के लोग देते हैं और सरकार नौकरी झारखंड के लोगों को देती है, ये नहीं चलेगा। कई मुद्दो को लेकर जनता द्वारा सांसद को खरी-खोटी सुनाई गई। सांसद चुपचाप उनकी बातें सुनते नजर आए। यह वीडियो काको थाना क्षेत्र के हाजिसराय गांव का बताया जा रहा है, इसके पहले भी संसद को कई जगह विरोध का सामना करना पड़ा है।

बता दें कि इससे पहले भी लोगों के विरोध का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जहां सांसद वोट मांगने के लिए गए थे तो जनता ने कहा कि 5 वर्षों तक आप नजर नहीं आए, वोट के वक्त नजर आ रहे हैं। इसलिए इस बार आपको वोट नहीं देंगे। लोगों का कहना है कि 5 वर्षों में सांसद ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है। इसी के कारण विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया समेत कई गणमान्य पद्म पुरस्कार से सम्मानित

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू समेत अन्य गणमान्य जनों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने वेंकैया नायडू को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पूर्व राज्यपाल राम नाईक, गायिका उषा उत्थुप और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से नवाजा गया। लगभग आधे विजेताओं को सोमवार को पुरस्कार प्रदान किए गए। शेष को अगले सप्ताह पुरस्कार दिए जाने की संभावना है।



**गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है घोषणा:** पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

## कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें उन्होंने जेल अधिकारियों को यह निर्देश देने के लिए कहा था कि वह सीएम को वक़्त पर इंसुलिन देने का ख्याल रखें। साथ याचिका में उनकी शुगर के उतार-चढ़ाव से जुड़ी जानकारी और रखरखाव के लिए हर दिन 15 मिनट के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जांच और देखभाल की अनुमति मांगी गई थी। याचिका में कहा गया था कि सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए डॉ. रविचंद्र राव के साथ परामर्श में शामिल होने की अनुमति दी जानी चाहिए। सीएम केजरीवाल बेहतर देखरेख में मेडिकल सुविधा ले रहे थे, वहीं उनका इंसुलिन बंद कर दिया गया है।






## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ में जनसभा को किया संबोधित, बोले...

# अलीगढ़ के पास है अच्छे भविष्य और विकसित भारत की चाबी

**केटी न्यूज/अलीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अलीगढ़ की जनता ने कांग्रेस और सपा के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्ट्री में ऐसा मजबूत ताला लगा दिया है, कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा अपने अच्छे भविष्य और विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है। प्रधानमंत्री ने आह्वान किया कि अब देश को गरीबी, भ्रष्टाचार और परिवारवादी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कराने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को अलीगढ़ और हाथरस लोकसभा सीटों से बीजेपी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। उन्होंने अलीगढ़ से सतीश गौतम और हाथरस से अनूप वाल्मीकि को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मोदी ने कहा कि आप भले अपना वोट बीजेपी प्रत्याशियों को देंगे, वो वोट सीधे मुझे मिलेगा। मैं आपसे मोदी के लिए वोट मांगने आया हूं। प्रधानमंत्री ने पहले मतदान, फिर जलपान की अपील करते हुए कहा कि तमाम कामों से बड़ा देश है और आपका एक एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है।




नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहले आए दिन बॉर्डर पर बम गोले चलते और हमारे वीर सैनिक शहीद होते थे। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिये बगैर कहा कि आज उनके सारे तोप, बंदूक और बारूद बिक गये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले देश में सीरियल बम ब्लास्ट होते थे। सरकारों की ओर से इश्तेहार देकर लावारिस वस्तुओं को न छूने की अपील की जाती थी। ये मोदी-योगी का कमाल है कि आज सब बंद हो गया है। पहले कश्मीर में अनुच्छेद 370 के नाम पर अलगाववादी शान से जीते थे और हमारे फौजियों पर पत्थर चलाते थे। इन सबपर फुल स्टॉप लग गया। जब शांति और सुरक्षा मिलती है तो विकास होता है।

**कानून व्यवस्था पर सपा पर साधा निशाना:** प्रधानमंत्री ने यूपी की कानून व्यवस्था की चर्चा करते हुए कहा कि पहले अलीगढ़ में आए दिन कर्फ्यू लगता था, अगल बगल के लोगों को अलीगढ़ आना होता था तो फोन करके पूछते थे। दंगे वाले इलाकों में शादी ब्याह नहीं करते थे। दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा सरकार का ट्रेड मार्क था, उनकी पहचान थी। उनकी राजनीति इसी सब से चलती थी। हमारी एक समय था जब हमारी बहन बेटियां घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं।

## कांग्रेस और सपा ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस-सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब वे पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करते हैं तो विपक्षियों के बाल खड़े हो जाते हैं। इन ऊपर के लोगों ने मलाई खाई और पसमांदा मुसलमानों को उनके हाल पर जीने के लिए मजबूर कर दिया।

**देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है:** उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है और आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी, धन, मकान है उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं इन संपत्तियों को सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। ये उनका मेनीफेस्टो कह रहा है। देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है।

## देश का संविधान लिखने वाले बाबा साहब भीम राव अंबेडकर भी 14 भाई बहन थे

# तेजस्वी ने शाह-मोदी और नीतीश के फैमली मेंबर की करवाई गिनती

**केटी न्यूज/कटिहार**



कटिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभाओं में जनता दल यूनाईटेड के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव के परिवार पर जमकर हमला किया और कहा कि पति-पत्नी ने मिलकर बिहार पर सालों तक शासन किया. पहले पति सीएम बने और जब वे हट गए तो पत्नी को बना दिया. नीतीश ने कहा कि हट गए तो बीबी को बना दिया अब आजकल बाल-बच्चा को पैदा तो बहुत कर दिए इतने ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को, बाल-बच्चा इसके बाद अब इस बयान पर तेजस्वी ने फैमली डाटा के साथ पलटवार किया है। तेजस्वी ने सीएम नीतीश से लेकर पीएम और गृह मंत्री सबके परिवारजनों की संख्या बताई है। तेजस्वी यादव ने कहा कि आदरणीय मुख्यमंत्री हमारे अभिभावक हैं। हमारे पिता तुल्य हैं। उनके लिए हमेशा से सामान्य हैं। हम तोड़ के बेटे के रूप में खड़े रहे हैं उन्होंने कई बार कहा है कि यह तो बेटा है मेरा। हकीकत यह है कि वरना तो बोलना चाहते हैं नहीं बोल रहे हैं बल्कि उनसे कोई बुलवा रहा है। इसके बाद तेजस्वी ने कहा कि मेरे परिवार पर बोलने से पहले यह जानना चाहिए कि जिन्होंने इस देश का संविधान लिखा था वह 14 भाई बहन थे। बाबा साहब खुद 14 वें नंबर पर थे। इसके आगे तेजस्वी ने भाजपा के नेता सहित कई लोगों के परिवारजनों की संख्या बताई। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस वह भी 14 भाई बहन थे और खुद वह आठवें नंबर पर थे। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पांच भाई बहन हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के 7 भाई बहन थे। पीएम नरेंद्र मोदी 6 भाई बहन हैं। गृह मंत्री अमित शाह सात भाई बहन हैं और वह खुद सातवें नंबर पर हैं। रविशंकर जी पटना वाले 7 भाई -बहन हैं। इसके आगे तेजस्वी ने कहा कि राष्ट्रगान लिखने वाले रवीन्द्रनाथ टैगोर 7 भाई बहन थे। वीवी गिरी के 14 बच्चे थे उसके बाद देवगौड़ा के छह बच्चे थे नरसिम्हा राव जी के आठ बच्चे थे तो सीएम साहब से जी लोग बुलावा रहे हैं पहले उनको यह सब देख लेना चाहिए था। यह कोई मुद्दा नहीं है और बात मुद्दे की होनी चाहिए थी न बिहार के विकास की बात होनी चाहिए।

### कांग्रेस और आरजेडी में कुछ भी सहज नहीं : चिराग

**पटना।** झारखंड की राजधानी रांची में इंडी गठबंधन की रैली में कांग्रेस और आरजेडी कार्यकताओं के बीच जमकर झड़प हुई। मंच पर मौजूद गठबंधन के नेताओं के सामने ही दोनों दलों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और मारपीट की। इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली में हुई झड़प को लेकर लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि कांग्रेस और आरजेडी के बीच कुछ भी सहज नहीं है और यह सिर्फ एक उदाहरण है। चिराग पासवान ने कहा कि झड़प तो कल प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से भी महागठबंधन में ये झड़प लगातार होती रही है। कांग्रेस और आरजेडी के बीच झड़प का सबसे बढ़िया उदाहरण पहले चरण का चुनाव रहा है। पहले चरण के चुनाव में जिस तरह से बिना घटक दलों से बात किए सीटों का बंटवारा कर दिया गया।

## पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने तय किए प्रत्याशी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश को टिकट

**केटी न्यूज/दरभंगा**




कांग्रेस ने बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस ने बिहार में अपने हिस्से की बाकी बची सीटों पर काफी विचार-विमर्श कर उम्मीदवारों के नाम तय किए गए थे। लेकिन, महाराजगंज सीट को लेकर पेंच फंसा था। काफी मंथन के बाद आलाकमान ने प्रदेश अध्यक्ष अखिलश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश सिंह को टिकट दे दिया। महाराजगंज सीट से प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों की मानें तो बिहार प्रदेश कांग्रेस के कई नेताओं के विरोध के बीच अखिलेश प्रसाद सिंह कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की मदद से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपने बेटे की उम्मीदवारी पर राजी करने में सफल रहे। मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजीत को भी टिकट दिया गया। हालांकि, महाराजगंज सीट पर एमएलसी सच्चिदानंद राय अपनी पत्नी को टिकट दिलाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन, पार्टी आलाकमान ने आकाश सिंह ने नाम पर मुहर लगाई। आकाश पिछली बार पर उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे थे। लेकिन, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बेतिया से मदन मोहन तिवारी, समस्तीपुर से बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी, सासराम से मनोज कुमार और मुजफ्फरपुर से अजय निषाद का नाम पर मुहर लगी है। अजय निषाद टिकट के कारण ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए थे। बता दे कि कांग्रेस बिहार में नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। भागलपुर सीट से अजीत शर्मा, कटिहार से तारिक अनवर और किशनगंज से मो. जावेद के नाम की घोषणा कांग्रेस पहले ही कर चुकी है। तीनों नेता अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार में भी जुट गए हैं।




## भागलपुर में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने किया रोड शो

**भागलपुर।** बिहार सरकार में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा सोमवार को भागलपुर पहुंचे। इस दौरान लोकसभा के नवगछिया अनुमंडल में रोड शो और लोगों के बीच जन सम्पर्क किया। भागलपुर से एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की लोगों से अपील की है। वहीं, जन सम्पर्क के तहत नवगछिया के खगड़ा गांव पहुंच कर उन्होंने गांव में स्थित काली मंदिर में पहले पूजा-अर्चना किया। जहां कार्यकताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। खगड़ा गांव में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लालू परिवार और महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव सरकार बनाने के लिए नहीं है बल्कि इस बार का चुनाव बिहार बदलने के लिए है। इस बार का चुनाव तय करेगा की बिहार के अंदर परिवारवाद की जमींदारी चलेगी या लोकतंत्र के जननी के भूमि से जन्म लेने वाला जो प्रधानसेवक का अनुयायी है, उसकी सरकार बनेगी। ये चुनाव तय करेगा की अपराध और भ्रष्टाचार को संरक्षित करने वाले लोगों का मनीब बढ़ेगा। उसका राज चलेगा या बिहार के अंदर मोदी जी की गारंटी चलेगी। लेकिन गरीबों का मसीहा बनने वाला व्यक्ति बिहार को कलंकित किया है। बिहारी शब्द को लज्जित किया है। बिहार के लोगों को बिहार के नौजवानों को पलायन के लिए विवश किया है। बिहार के प्रतिभा का दमन किया है। इस चुनाव में जब बिहार से 40 में से 40 सीट मोदी जी को मिलेगा।

## ओवैसी ने सीएम नीतीश को बताया डरपोक


**किशनगंज।** असदुद्दीन ओवैसी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को डरपोक बताया है। उन्होंने सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार पर तंज कसा। ओवैसी ने कहा कि मजलिस के जलसे की भीड़ देखकर वो डर से अपने हेलिकॉप्टर से नीचे नहीं उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने टाइम को बदलते रहते हैं। पहले वे 11 बजे आ रहे थे, अब वो दो बजे आएंगे। नीतीश कुमार के लिए वक्त आ गया है कि वह अब घर में ही बैठे रहें। दरअसल, ओवैसी पांच दिन के किशनगंज दौरे पर हैं। उन्होंने जिले के डगरूआ में लोगों को संबोधित किया।









केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



# ईवीएम व वीवीपैट के संचालन व सीलिंग से रू-ब-रू हुए पीठासीन पदाधिकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है। सोमवार को निवार्ची पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा क्षेत्र के सभी पीठासीन पदाधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एमपी हाई स्कूल में किया गया। पहले फेज के इस प्रशिक्षण का आयोजन दो पालियों में किया गया था। पहली पाली सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित हुआ। इस दौरान सभी पीठासीन पदाधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट के संचालन व सिलिंग करने के साथ ही संपूर्ण मतदान प्रक्रिया से रूबरू कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल एवं अपर समाहर्ता सह वरीय प्रभारी प्रशिक्षण कोषांग ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मास्टर टेज्नरों को गुणवत्तापूर्ण व उत्सवी माहौल में प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया।

**द्वितीय मतदान पदाधिकारी को दो दिन पहले कराना है योगदानः** प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मतदान दल के कर्मियों में पी-2 को मतदान के दो दिन पूर्व योगदान कराना है एवं पार्टी का मिलान उसी दिन किया जाना है। इसके बाद उन्हें डिस्पैच सेंटर टेबल के माध्यम से सामग्री कोषांग द्वारा उपलब्ध कराई गई चुनाव सामग्री को प्राप्त करना है। इसके बाद पी-1 को मतदान के एक दिन पहले मतदान दल को ईवीएम व वीवीपैट एवं ईवीएम कोषांग द्वारा उपलब्ध कराए गए ईवीएम सीलिंग सामग्री को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद मतदान दल को संबंधित विधान सभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पर रवाना किया जाएगा।



**इस बार एम-3 मॉडल के ईवीएम व वीवीपैट का हो रहा उपयोगः** प्रशिक्षण के दौरान मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा सभी पीठासीन पदाधिकारियों को सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि इस बार लोकसभा आम निर्वाचन में एम-3 मॉडल के ईवीएम मशीन एवं वीवीपैट का उपयोग किया जाना है। सभी पीठासीन पदाधिकारी को बीयू, सीयू एवं वीवीपैट के कनेक्शन के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें मशीन पर आने वाले सभी प्रकार के डिस्प्ले, एरर एवं उसके निराकरण के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकी मतदान के दिन किसी तरह की परेशानी न हो। मास्टर टेज्नरों ने बताया कि पीठासीन पदाधिकारी मतदान केंद्र के प्रभारी होते हैं, अतः उन्हें महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन करना होता है। सभी पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान अभिकताओं के सामने मॉक पोल कैसे कराना है, इसकी जानकारी दी गई। मॉक पोल के बाद ईवीएम मशीन की सीलिंग प्रक्रिया के बारे में बताया गया। उसके पश्चात मॉक पोल प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी प्रकार के प्रपत्रों को भरने के बारे में बताया गया। बताया गया कि चुनाव समाप्ति के पश्चात सभी प्रकार के विहित प्रपत्रों को सही ढंग से सावधानी पूर्वक भरकर उसे जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए कलेक्शन सेंटर पर आकर जमा करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीडीसी, एडीएम सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में भाजयुमो नेता दीपक जख्मी



**डुमरांव।** सोमवार की सुबह भाजयुमो के प्रांतीय नेता दीपक यादव एक सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गए है। यह दुर्घटना बक्सर आरा फोरलेन (एनएच 922 ) पर गोपाल डेरा गांव के समीप हुई है। दुर्घटना के बाद भाजयुमो नेता को आस पास में मौजूद लोगों द्वारा तत्काल इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें छुट्टी दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार वे अपने गांव चिलहरी से बाइक से डुमरांव आ रहे थे। जैसे ही वे एनएच 922 पर गोपाल डेरा गांव के पास पहुंचे कि पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया तथा वे बाइक के साथ सड़क पर गिर गए। संयोग बढ़िया था कि पीछे से कोई वाहन नहीं आ रहा था। इस घटना की जानकारी मिलते ही उनके कार्यकताओं तथा सामाजिक राजनैतिक साथी तत्काल अस्पताल पहुंच उनका हाल चाल जाना।

### अगलगी में पांच बीघे की फसल जलकर राख



**चौसा।** चौसा अंचल के दो अलग-अलग जगहों पर अचानक आग लग गई। हालांकि, इस आग से मामूली क्षति हुई, जहां ग्रामीण युवकों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इस आग से खेतों में काटकर रखे गए लगभग पांच बीघे की फसल जलकर राख हो गई। पहली घटना सरेंजा के कुसुरुपा गांव में हुई। मिली जानकारी के अनुसार किसी ने खेत के डंठल में आग लगा दी गई थी। धीरे- धीरे आग फैलता गया। तब-तक सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों द्वारा आग को फैलने से रोक दिया गया। अगर आग खलिहान तक पहुंचती तो भारी नुकसान होता। इसी बीच चौसा मौजा में अचानक से आग लग गई। इस आग की सूचना पर भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीण युवकों द्वारा लाठी डंडे से आग बुझाने का प्रयास किया। इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। लेकिन, उस दौरान वे लोग कुसुरुपा में आग बुझा रहे थे। हालांकि, ग्रामीण युवकों ने काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन, इस आग से खेतों में काटकर रखे लगभग पांच बीघे के गेंहू के फसल को जलने से नहीं बचा सके। इस सम्बंध में दमकल कर्मी दीपक कुमार ने बताया कि कुसुरुपा गांव में लगी आग में केवल गेंहू के डंठल जले थे। वही, चौसा के किसानों ने बताया कि लगभग आधा दर्जन किसानों के खेतों में तथा कुछ खड़ी फसल आग में जल गई। लेकिन, आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो पाई। गौरतल है कि पिछले दस दिनों से क्षेत्र में अगलगी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है।

### बाइक दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जला

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के अमरपुरी स्थित रौशन होंण्डा बाइक दुकान में सोमवार की सुबह अचानक आग की लपटें उठने लगीं। जब तक आग पर काबू पाने के लिए दुकान की शटर खोला जाता आग ने विकराल रूप धारण कर उसमें रखे लाखों रुपए के बाइक संबंधित समान जलकर राख हो गया था। बाद में सोनवर्षा ओपी में तैनात फायर ब्रिगेड वाहन के कर्मी एवं आसपास के लोगों की सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने में कर्मी एवं लोगों को दो घंटे से अधिक समय कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। बताया जाता है कि रौशन होंण्डा के दुकानदार रोज की तरह रविवार की देर शाम दुकान बंद कर घर चला गया। सोमवार की सुबह दुकान से निकलते धुआं देखकर आसपास के लोग समझ गए कि दुकान में आग लगी है। जिसके बाद लोगों ने दुकानदार को सूचना देने के साथ सोनवर्षा ओपी पुलिस को इसकी जानकारी दिया। सूचना पर ओपी में तैनात फायर ब्रिगेड वाहन पहुंच आग पर काबू पाने में जुट गए। इधर दुकान से धुआं व आग की लपटें निकलते देख दुकानदार ने शार्ट सर्किट से आग लगने की आंशका जताई है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ने बताया कि दुकान में लगी आग से कितने रुपए की क्षति हुई है, इसका आवेदन दुकानदार द्वारा अभी तक नहीं दी गई है।

## खबरें फटाफट

### घरेलु विवाद में सौतेली मां को बेटे ने पीटा

**बक्सर।** घरेलू विवाद में एक युवक ने अपनी सौतेली मां की पिटाई कर दी है। पुत्र की पिटाई से महिला का सिर फट गया है, उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घटना औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव की है। जख्मी महिला शोभा देवी ने बताया कि वह अपने कमरे में ताला बंद कर दी थी, जिससे नाराज उसका सौतेला पुत्र लव कुमार ने मारपीट शुरू कर दिया। अपने बचाव कर रही थी। इसी बीच उसे चोट लग गई है। महिला की मानें तो लव हमेशा उसके साथ मारपीट करता हैं। वह उसे कभी भी अपनी मां के रूप में स्वीकार्य नहीं करता था। उनके पिता द्वारा मारपीट का विरोध करने पर उनके साथ भी मारपीट के लिए उतारू हो जाता हैं। वहीं दूसरी ओर इस बात की भी चर्चा है कि महिला अक्सर बच्चे को प्रताड़ित करते रहते थी। इस घटना के बाद गांव में इस घटना की चर्चा होते रही। हालांकि, पीड़िता द्वारा इसकी शिकायत दर्ज कराने की जानकारी नहीं मिली है।

### बोलेरो की टक्कर से युवक जख्मी

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर प्रताप सागर गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां से बेहतर इलाज को लेकर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल से अन्यत्र रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार युवक विजय राम मोटरसाइकिल से अपने गांव सहियार जा रहा था। इसी दौरान प्रताप सागर के पास पीछे से एक बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल चालक समेत बाइक पर पीछे बैठा युवक सड़क पर ही गिर पड़े। जिससे मोटरसाइकिल चला रहा युवक विजय राम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे सिर में गहरी चोट आई है। वही पीछे सवार पूर्णवासी राम को हल्की चोट आई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे अन्यत्र रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि जख्मी युवक की स्थिति चिंता जनक थी। इस कारण उसे दूसरे जगह बेहतर इलाज के लिए भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल बक्सर पहुंच गए थे।

## पत्नी के शव को घर के आंगन में छोड़कर पति समेत पूरा परिवार फरार

# घरेलु विवाद में पति ने पत्नी की ईंट से कूच कर दी निर्मम हत्या

- सोमवार की सुबह धनसोई थाना क्षेत्र के समहुता टोला गांव की है घटना, ग्रामीणों के बीच हो रही है कई तरह की चचाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**




घरेलु विवाद में एक पति ने अपने पत्नी की ईंट से कूच कर निर्मम तरीके से हत्या कर दी है। घटना के बाद से पति समेत पूरा परिवार फरार हो गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा है। घटना सोमवार की सुबह करीब नौ बजे की है। मृतका रूनी देवी 45 वर्ष कृष्ण बिहारी चौधरी की पत्नी है। उसे एक बेटा व दो बेटी भी है। घटना के बाद से बेटा बेटी भी गायब है। वही ग्रामीण सूत्रों की मानें तो उसकी पत्नी झगड़ालु स्वभाव की थी तथा अक्सर घर में झगड़ा होते रहता था। पड़ोस के लोगों ने कई बार इन दोनों के बीच के विवाद को सुलझाने का प्रयास किये थे। लेकिन आये दिन विवाद होता रहा था। इस कारण बाद में कोई कुछ नहीं बोलता था। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार की शाम से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। इस बीच सोमवार की सुबह करीब नौ बजे किसी बात पर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान बृज बिहारी ने आंगन में रखे ईंट को उठाकर उसके सर पर कई बार वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद आनन-फानन में शव को आंगन में ही छोड़ पूरा परिवार फरार हो गया। वही शाम तक मायके वालों के आने की सूचना नहीं मिली थी। इस घटना के बाद गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है। वही, जानकारी मिलने पर सदर डीएसपी धीरज कुमार भी मौके पर पहुंच घटना स्थल का मुआयना करने के साथ ही आस पास के लोगों से भी पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। इस संबंध में सदर डीएसपी ने कहा कि शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घेरलु विवाद में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। डीएसपी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### पूर्व मुखिया के पिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**सिमरी।** तीन दिन से घर से लापता बलिहार पंचायत के पूर्व मुखिया शिवशंकर दास के पिता 72 वर्षीय रामनाथ दास की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। उनका शव मिशन मोड़ के पास स्थित बधार में पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। हालांकि, उनकी मौत कैसे हुई तथा वे यहां तक कैसे आए थे, इसकी जानकारी नहीं मिली सकी है। उनके पुत्र तथा पूर्व मुखिया ने बताया कि वे तीन दिन पहले अचानक गायब हो गए थे। जिसके बाद उनकी काफी खोजबीन की गई। अपने सभी रिश्तेदारों के यहां पता कराया था। लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं चल सका था। उनकी खोज के लिए अब जगह-जगह पोस्टर लगाने का प्रयास करने वाले थे। ताकि भी माध्यम से उनकी कोई खोज-खबर मिल जाए। इसी बीच सोमवार को सुबह उनका शव मिशन मोड़ के पास खेत में होने की जानकारी मिली। पहले तो यह विश्वास ही नहीं हो रहा था कि यह उनकी यह लाश है। इस घटना के बाद पूरा परिवार मायूश है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वही सूचना पर पहुंची सिमरी पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है कि उसकी मौत कैसे हुई है। वैसे पुलिस अपने स्तर से जांच में जुट गई है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। वहीं दूसरी ओर इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है कि लू लगने से मौत हुई है।

### संध्या चुनावी चौपाल में डीडीसी ने मतदान के लिए वोटरों को किया प्रेरित



**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल ने एक शाम, मतदान के नाम कार्यक्रम के तहत बक्सर विधानसभा क्षेत्र के निम्न मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र संख्या - 34 सिविल लाइंस क्लब एवं 35 - सामुदायिक भवन बक्सर में संध्या चुनावी चौपाल का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान डीडीसी के नेतृत्व में एक जून को मतदान कराने के लिए मतदाताओं से हस्ताक्षर भी कराया गया। डीडीसी ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है। हमें स्वेच्छा से मतदान करना चाहिए। डीडीसी ने कहा कि मतदान से ही हमारा लोकतंत्र मजबूत होता है। हमे बिना किसी प्रलोभन व भय के अपना प्रतिनिधि चुनना चाहिए। दोनों जगहों पर डीडीसी के समक्ष उपस्थित मतदाताओं ने मतदान करने का संकल्प लिया। बता दें कि एक शाम मतदान के नाम कार्यक्रम के तहत डीडीसी कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। इस अवसर अवर निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर, अंचलाधिकारी बक्सर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर, वार्ड पार्षद, बीएलओ आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मना डुमरांव अनुमंडल का 30वां स्थापना दिवस

- स्थापना दिवस के मौके पर एसडीओ राकेश कुमार ने काटा केक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल का 30वां स्थापना दिवस सोमवार को बड़े ही धूमधाम के साथ अनुमंडल के सभागार में मनाया गया। एसडीओ राकेश कुमार ने केक काटकर सबो को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुमंडल के क्षेत्र में शांति व्यवस्था, भाईचारा का माहौल बना रहे। यहां के शहीदों की गाथा युवाओं के लिए काफी प्रेरणास्त्रोत हैं। युवा शहीदों से सीख लेकर राष्ट्र की उन्नति के पथ पर हमेशा अग्रसर बने रहे। मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि बक्सर संसदीय क्षेत्र में आगामी एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना हैं। इस दिन हम सब बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ मतदान करें ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ सके। डुमरांव को अनुमंडल का दर्जा मिलने के बाद यह इलाका काफी तेजी से विकास के पथ अग्रसर हुआ है और आगे भी होते रहेगा। गौरतलब है कि डुमरांव अनुमंडल की स्थापना 22 अप्रैल 1994 को हुई थी। इसे अनुमंडल बनाने के लिए लंबा संघर्ष किया गया था। इसके बाद यह अनुमंडल बन पाया था। अनुमंडल बनने के बाद प्रखंड परिसर में ही अनुमंडल कार्यालय चलता था। बाद में अनुमंडल को अपना भवन नसीब हो पाया। अब यहीं पर सब डिविजन कोर्ट भी चलने लगा है। इसका लगातार विस्तार हो रहा है। इस कार्यक्रम में डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ संदीप पांडेय, सीओ समन प्रकाश, थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीशा राणा के अलावे अनुमंडल के सभी बीडीओ संदीप पांडेय, अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष अनीशा राणा मौजूद थे।



### नया भोजपुर-डुमरांव रोड जर्जर, पैदल चलना हुआ मुश्किल

**डुमरांव।** नया भोजपुर गांव पहले स्वयं पंचायत कहलाता था। अब इसका परिसीमन बदलकर डुमरांव नगर परिषद का अंग बना दिया गया है। बावजूद इस गांव का विकास में काई फर्क नहीं पड़ा है। नयाभोजपुर गांव से निकल डुमरांव शहर में आने का रास्ता एकदम जर्जर हो चुका है। रोड के दोनों तरफ नाली बना ही नहीं हैए इसलिए लोगों के घरों का पानी रोड पर ही बहता है। कच्ची रोड होने के कारण रोड गढ्ढों से भरा पड़ा हुआ है। इसी रोड के दोनों किनारों पर सब्जी का थोक बाजार लगता है। क्षेत्र के ब्यापारी थ्सब्जी खरीदने के लिए पहुंचते हैं। सब्जी लेने के बाद वाहन ले जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## राजनीति की काली कोठरी से बेदाग निकल जाना एक तपस्या से कम नहीं : पूर्व सांसद तेजनारायण सिंह

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय गांव में पूर्व विधायक लाल बिहारी प्रसाद की 20 वीं पुण्यतिथि पर सोमवार श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने उनके तैल्यचित्र पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया। साथ ही उनकी याद में एक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पूर्व विधायक के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा में उपस्थित पूर्व सांसद तेजनरायण सिंह ने कहा कि राजनीति की कालिख कोठरी से बेदाग निकल जाना एक तपस्या से कम नहीं है। कहा पूर्व विधायक स्व लाल बिहारी प्रसाद का जीवन भले ही कठिनाइयों से गुजरी है, पर गरीब जनता को कठिनाइयों से दूर करने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष किए। इसलिए उन्हे लोग प्यार से साधु जी कहकर बुलाते थे। कहा आज के समय में बिरले ही कोई राजनेता होगा, जो पूर्व विधायक की राजनीतिक आदर्शो को छू पाएगा। वही पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा ने कहा कि लाल बिहारी प्रसाद का राजनीतिक जीवन से वर्तमान के नेताओं को सीखना चाहिए। लगातार तीन बार विधायक रहते हुए भी उनके उपर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नही लगा। उनका जीवन लोगो की भलाई करने में ही बीत गया। मौके पर रामाश्रय सिंह,अशोक प्रसाद, कुसुम देवी, ज्योतिश्वर सिंह, जितेंद्र सिंह, केदार सिंह लाल साहेब सिंह, नागेंद्र मोहन सिंह, प्रवीण सिंह, वीरेंद्र सिंह, समेत अन्य थे।



## पृथ्वी दिवस के मौके पर पौधरोपण कर छात्राओं ने दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

# पृथ्वी को संवारने के लिए आज हम नहीं जगे तो कल होगा काफी नुकसान : डॉ शोभा सिंह

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पर्यावरण हमारी संस्कृति का एक अहम अंग है। वृक्ष हमारी धरती का गहना है। उसे संवार कर इस धरती को स्वच्छ रखना हर मानव का कर्तव्य है। उक्त बातें सोमवार को पृथ्वी दिवस के मौके पर सुमित्रा महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में विश्व पर्यावरण एवं वैश्विक तापमान जैसी समस्याओं पर परिचर्चा के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। यदि आज हम नहीं जगे तो आने वाली पीढ़ी को इसका नुकसान होना तय है। प्राचार्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पौधरोपण सबसे सार्थक उपाय है। उन्होंने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्रा एक-एक पौधा जरूर लगाये साथ ही उन्हें सुरक्षित रखने के लिए देखभाल करती रहे। प्राचार्य ने छात्राओं को आगाह करते हुए देश के कई राज्यों तथा अपने क्षेत्र में गर्मी के मौसम में होने वाले जल संकट की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि हम नहीं चेते तो आने वाले दिनों में खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पृथ्वी तथा इस पर जीवन के अस्तित्व को बचाने के लिए हमे आज से ही जागरूक हो पर्यावरण संरक्षण तथा मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाने पर ध्यान देना होगा। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने पेड़ो की रक्षा के लिए संकल्प लिया। प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने कहा कि हर मानव का अधिकार है कि जीने और रहने के लिए एक स्वच्छ पर्यावरण मिले, लेकिन आज के उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को भूलते जा रहे है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में आधी आबादी की सहभागिता को भी अत्यंत जरूरी बताया। इस दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो शंभूनाथ शिवेंद्र ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छ पर्यावरण जरूरी है। पौधरोपण से केवल मानव जीवन नहीं बल्कि समस्त प्राणी जगत सुरक्षित रह सकते है। मौके पर प्रमोद कुमार सिंह, मनोज कुमार, शैलेंद्र कुमार, चंचल कुमारी, साधना, तमन्ना, प्रियांशी, ज्योति सहित अन्य छात्राएं मौजूद थी।



## राम जानकी मंदिर का 71 वां वार्षिकोत्सव हवन पूजन व भंडारे के साथ संपन्न

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के दंगौली गांव स्थित राम जानकी मंदिर स्थित 71वां तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के व्यवस्थापक राम किंकर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को वैदिक व हवन पूजन के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन कथा के दौरान शैलेश जी महाराज ने कहा कि कई जन्मों के अच्छे कर्मों के कारण मनुष्य का शरीर मिलता है। मनुष्य का जन्म 84 लाख योनियों में आत्मा के भटकने के बाद मिलता है। अच्छे कर्म केवल मनुष्य शरीर मिलने के बाद ही प्राप्त होता है। वेदों में कहा गया है कि केवल मनुष्य शरीर पाने से हम मनुष्य नहीं हो जाते बल्कि इसके लिए अच्छे कर्म करने की जरूरत है। मानव जन्म की प्रशंसा देवता, ऋषि - मुनि और संतजनो ने की है। मनुष्य का जन्म पाकर भी जो लोग केवल मौज मस्ती में जिंदगी गंवा देते हैं उनका जन्म बेकार चला जाता है। इंसान और अन्य जीवधारियों में चार बातें समान है खाना-पीना, संतान उत्पन्न करना, जन्म और मृत्यु, केवल एक विशेषता की वजह से इंसान दूसरे जीवों से अलग है।

# पृथ्वी को बंजर होने से बचाने का संत ग्लोबल के छात्रों ने लिया संकल्प

- प्राकृतिक से छेड़छाड़ करना मानव जीवन में खतरे की घंटी : प्रकाश आनंद

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज (रोहतास)**

स्थानीय शहर के संत एसएन ग्लोबल स्कूल में सोमवार को अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम प्रस्तुत की। अवसर पर स्कूल छात्र विवेक कुमार के संचालन में पृथ्वी की जननी मां धरती नमन पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। प्रार्थना का शुभारंभ श्रीगणेश धरती माता की प्रार्थना समुद्र-वसने देवी,पर्वत-स्तन-मंडिते,विष्णु-पत्नि नमस्तुभ्यं, पाद-स्पर्श क्षमस्व मे से हुआ। जिस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक गीति नाटक धरती व मानव रूपांतरण प्रस्तुत किया। जिसमें छात्र शालिनी,विवेक ने भाषण प्रस्तुत कर मां धरती की अलौकिक विशेषता का उल्लेख व छात्रा जाह्नवी ने अपनी स्वरचित कविता पाठ सहित सुप्रिया ने इंग्लिश पोएट्री आवर मदर अर्थ को नृत्य के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया।



विद्यालय की कॉर्डिनेटर सिमरन मुखिया ने बताया कि छात्र और मानव जीवन में हमें कम से कम पांच वृक्ष अवश्य लगाने की शपथ लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नेहा छेत्री ने अवसर पर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। विद्यालय उप प्राचार्य विकास राय ने पृथ्वी की वैज्ञानिक संरचना का उल्लेख करते हुए पृथ्वी संरक्षण हरियाली को बचाने पर प्रकाश डाला। जबकि विद्यालय निदेशक प्रकाश आनंद ने श्लोक प्रस्तुत करते हुए कहा कि सागर से सीखो जी भरकर लहराना , प्रकृति नहीं सिखाती किसी को ठुकराना , इसे बस आता है सबको अपनाना। जो इस साल की पृथ्वी दिवस ग्रह बनाम प्लास्टिक थीम को आधारित है। जो थीम प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर खतरे पर प्रकाश डालती है। जो आज हमारे ग्रह निवासियों को नुकसान पहुंचा रहा है। जो 2024 पृथ्वी दिवस का मुख्य लक्ष्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण से प्लास्टिक कचरे खत्म करने के लिए लोगों जागरूक होना जरुरी है।

## सहार थाना क्षेत्र के बरुहीं गांव की रविवार की देर रात की घटना

# नाच में गाना बजाने को उपजे विवाद में दुल्हन के चाचा को मारी गोली

- जाति आधारित गाना बजाने को लेकर उपजे विवाद में गोली मारने का आरोप
- आक्रोशित ग्रामीणों ने एक आरोपित की धुनाई कर पुलिस को सौंपा
- घटनास्थल से एक पिस्टल, दो गोली और दो खोखा बरामद
- घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन करने में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

सहार थाना क्षेत्र के बरुहीं गांव में रविवार की रात बारात में नाच में गाना बजाने को उपजे विवाद में दुल्हन के चाचा को गोली मार दी गयी। गोली उनके बाएं पैर में लगी है, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वह बरुहीं गांव निवासी वकील राम का 40 वर्षीय पुत्र संतोष राम हैं। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एक आरोपित को दबोच लिया और धुनाई कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। मौके एक पिस्टल, दो गोली और दो खोखे बरामद किये गये हैं। आरोपित युवक गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव निवासी गजेंद्र यादव का पुत्र सूरज कुमार उर्फ सूरज कांत है। वह बरुहीं गांव स्थित अपने मामा के घर रहता है। वह पूर्व में भी जेल जा चुका है। मारपीट में उसे भी चोटें आयी है, जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घटना के मूल में जाति आधारित गाना बजाने का विवाद बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से जाति आधारित गाना बजाने के विवाद की फिलहाल पुष्टि नहीं की गयी है। इधर, बारात में मारपीट और गोली मारे जाने से अफरातफरी मच गयी। बाराती और नाच देख रहे ग्रामीण सामियाने से भाग खड़े हुए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। उसके बाद पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला कि बारात में नाच के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। उसी दौरान गोली चल गई , जो एक व्यक्ति को लग गयी। पूरी घटना की सच्चाई की जांच की जा रही है। एक आरोपित को गिरफ्तार भी किया गया है। उसके साथ भी मारपीट हुई है। घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाये होंगे, उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी।





### जख्मी बोले : लड़कों ने कहा तुम्हारी नहीं, हमारी जाति का बजेगा गाना और मार दी गोली



पैर में लगी गोली

गोली से जख्मी बरुहीं गांव निवासी संतोष राम ने बताया कि रविवार की रात चरपोखरी थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव से उनके चचेरे भाई अंटू राम की बेटी की बारात आयी थी। बारात में नाच का भी प्रोग्राम था। देर रात सामियाने में नाच–गाना हो रहा था। उसमें जाति आधारित गाना बज रहा था। तभी दूसरे गांव के कुछ युवक आ गए और गाना बंद कराने लगे। लड़कों का कहना था कि उनकी जाति आधारित वाला बजेगा। नहीं तो नाच बंद होगा। उसे लेकर नोंकझोंक होने लगी। उसी बीच आरोपितों द्वारा फायरिंग की जाने लगी। उसी क्रम में एक आरोपित द्वारा उन्हें गोली मार दी गई। उसके बाद सामियाने में मौजूद लोगों द्वारा गोली मार कर भाग रहे एक आरोपित को पकड़ लिया। उसके पास से एक पिस्टल और दो गोली भी बरामद की गयी। घटनास्थल से दो खोखे भी बरामद किए गए।

### गाना बजाने के विवाद में गोली मारने मामले में चार के खिलाफ प्राथमिकी

**आरा।** सहार थाना क्षेत्र के बरुहीं गांव में रविवार की रात बारात में नाच में गाना बजाने के दौरान उपजे विवाद में गोली मारने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। बरुहीं गांव निवासी जख्मी संतोष राम के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में चार लोगों को नामजद किया गया है। उनमें गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव बाजार निवासी सूरज कुमार, सहार थाना क्षेत्र के बजरेयां टोला निवासी लालजी यादव, विक्की यादव और शामू कुमार शामिल हैं। इनमें सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से एक देसी पिस्टल, दो गोली और दो खोखा भी बरामद किया गया है। प्राथमिकी में संतोष राम की ओर से कहा गया है कि रविवार की रात उनके चचेरे भाई अंटू राम की बेटी की बारात आई थी। उसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। देर रात चारों आरोपित पहुंच गए। उस दौरान सूरज कुमार हथियार लहराते हुए कार्यक्रम बंद कराने लगा। उसका कहना था कि यादव का गाना नहीं बजेगा, तो कार्यक्रम बंद रहेगा। उसने विरोध किया, तो सूरज ने उस पर हथियार तान दिया। उसने हथियार छीनने की कोशिश की, तो सूरज ने फायर कर दिया। उसमें उसे गोली लग गयी। उसके बाद ग्रामीणों ने सूरज कुमार को पकड़ लिया। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि चार आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीन अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### 15 लीटर देसी दारू के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार, गई जेल

**दिनारा (रोहतास)** । दिनारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी दारू के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के कोईरियां गांव में एक महिला कारोबारी दारू का बिक्री करती है । उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस उक्त स्थल पर पहुंच मामले को सत्यापन करने के उपरांत उसी गांव की रहने वाली पुष्पा कुमारी को 15 लीटर देसी दारू साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि गिरफ्तार महिला कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### ग्राम पंचायत चिकसिल व बुढ़वल में स्वीप कार्यक्रम तहत बीडीओ के नेतृत्व में कराई गई गतिविधियां

**काराकाट(रोहतास)।** रोहतास जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश के आलोक में काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड के चिकसिल पंचायत एवं बुढ़वल पंचायत में स्वीप कार्यक्रम तहत सभी गतिविधियां कराई गई । जिस कार्यक्रम में डोर टू डोर मतदान संवाद,विद्यालय में पेंटिंग,चित्रांकन व रंगोली के माध्यम से मतदाता को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया । वहीं चुनाव का पर्व देश का पर्व, मतदाता जागरूकता रैली,साईकिल रैली का आयोजन किया गया ।

## एक नजर

### मैराथन दौड़ से मताधिकार के लिए लोगों को किया गया जागरूक



**नोखा (रोहतास)।** लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर के नोखा प्रखंड मुख्यालय से मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीड़ीओ अतुल गुप्ता ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय से शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर मैराथन दौड़ के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जो आयोजित मैराथन दौड़ में नोखा की गुड़िया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लोगों को मतदान में बढ़चढ़ भाग लेने के लिए अपील की। कार्यक्रम का उद्घाटन बीड़ीओ अतुल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर की। जिसका शुभारंभ प्रखंड मुख्यालय से होते हुए नहर डग से होते हुए नगर परिषद के मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर,पश्चिम पट्टी से बाईपास होते हुए पुनः प्रखंड मुख्यालय पर संपन्न हुई। अवसर पर बीड़ीओ ने बताया कि मतदाता जागरूकता में नारी शक्ति का जज्बा निष्पक्ष देखने को मिला। जिसमें लड़कियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर आशीष कुमार, प्रो. श्याम लाल सिंह सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

### उपेंद्र कुशवाहा ने किया क्षेत्र का भ्रमण

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने काराकाट विधानसभा के अंतर्गत बिक्रमगंज



प्रखंड में विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया । उनमें अमाथू , मोरौना , इंद्रार्थ खुर्द ,कस्तर महादेव , धावां, जमोढीं , बसगितिया सहित अन्य गांवों का भ्रमण किया । भ्रमण के क्रम में कस्तर महादेव मंदिर के समीप एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया । इस सभा में प्रत्याशी ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए एक बार फिर से मोदी की सरकार बनाने का आग्रह किया । इस भ्रमण के अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सह राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, जिला के मंत्री कपिल सिंह, काराकाट लोकसभा के संयोजक नवीन चंद्र शाह ,पूर्व जिला अध्यक्ष मदन वैश्य, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश सिंह ,मालती कुशवाहा ,भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ बलिराम मिश्र , जिला उपाध्यक्ष यदयू बिरेंद्र सिंह कुशवाहा,महिला मोर्चा अध्यक्षा रूबी देवी ,रवि शंकर कुमार ,बसंत कुमार पटेल ,उमेश कुशवाहा ,संजय वर्मा ,विजय चौधरी, माधव केसरी, संजय राम सहित अन्य लोग थे ।

### ट्रांसफॉर्मर पोल को क्षतिग्रस्त करने को लेकर वाहन पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज ।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मां आस्कामिनी नगर के भारती जी गली में 200 केवीए का अधिष्ठापित ट्रांसफॉर्मर पोल तार को टाटा मैजिक वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है । जिसका वाहन संख्या-बीआर 01 जीएच 9968 है, जो भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 139 एवं 140 के तहत दंडनीय अपराध है । कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल के द्वारा ऊक्त वाहन पर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु बिक्रमगंज थाना को आवेदन समर्पित की गई है। जिसमे 3 लाख 50,000 रुपये का क्षति भी दशार्यी गयी है । आगे बताते चले कि वाहन द्वारा तार पोल ट्रांसफॉर्मर में धक्का मारकर विभागीय सामग्री की क्षति पहुंचाने से भारती जी गली में विद्युत आपूर्ति बंद है । जेई बिक्रमगंज के द्वारा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने आदि को लेकर बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है ।

### हथिनी पंचायत : मतदाता प्रतिशत में वृद्धि को लेकर निकाली गई साइकिल रैली




**नोखा (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के हथिनी पंचायत में लोकसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने एवं शत प्रतिशत करने के लिए पंचायत सचिव के नेतृत्व में निकली साइकिल रैली। जिसका शुभारंभ सोमवार को हथिनी पंचायत सरकार भवन से सैकड़ों ग्रामीण मतदाता के बीच किया गया। जिस रैली के माध्यम लोगों को जागरूक करते हुए पूरे पंचायत में सचिव संजीव कुमार ने साइकिल रैली तहत लोगों से रूबरू होते हुए बताया कि वह मतदान के दिन बूथ केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग बढ़ चढ़ करें। साथ ही इसके प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करें। मौके पर विकास मित्र सहित ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# भंडारे के साथ श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न



**केटी न्यूज/काराकाट**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोथा के आदर्श ग्राम रघुनाथपुर में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हो गया । श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के निर्देशन में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुसार आवाहित देवी-देवताओं के पूजनोपरान्त पूणार्हुति सम्पन्न कराया गया । इस दौरान यज्ञ भगवान के उद्घोष से पूरा इलाका गुंजायमान होता रहा और यह सिलसिला सारे यज्ञादि कर्मोपरान्त जारी रही । बताते चलें कि इस महायज्ञ को लेकर क्षेत्रीय व आसपास के लोगों में काफी उत्साह व्याप्त था । लोगों का कहना है कि इस महायज्ञ में पूजन,अर्चन एवं कथा श्रवण से उनका जीवन धन्य हो गया । इस महायज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात आयोजित महाआरती कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया । लोगों की अवधारणा है कि महाआरती में शामिल होने मात्र से ही प्राणी भवमुक्त हो जाता है । जिसका नजारा महाआरती के दौरान दृष्टिगोचर हुआ ।

आयोजित इस महायज्ञ के समापन के बाद सोमवार को यज्ञ समिति के द्वारा वृहद भंडारा का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के आयोजक मंडली के साथ साथ यज्ञ समिति अध्यक्ष जितेंद्र पाण्डेय की अहम भूमिका निभाई जिस कारण से पूरे यज्ञ पूणार्हुति खुशी खुशी समाप्त ।जिसमें हजारों-हजार की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया ।

# प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख ने कार्यभार संभाला

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड कार्यालय में नए प्रमुख किरांती देवीऔर उप प्रमुख पुस्पा कुमारी ने सोमवार को पदभार संभाल लिया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ प्रभाकर सिंह और रंजीत उपाध्याय ने दोनों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि मैं सबको साथ



लेकर विकास कार्य करूंगी उन्होंने सभी अधिकारियों ,कर्मियों से सहयोग की अपेक्षा की। नए प्रखंड प्रमुख और प्रमुख का चयन अविश्वास प्रस्ताव के बाद किया गया है। इस अवसर पर इस अवसर पर चुन्नू शर्मा, मुन्ना शर्मा,पूर्व मुखिया अवधेश शर्मा, पूर्व मुखिया मनीष कुमार, पंचायत समिति नवलेश कुमार ,बबन सिंह , प्रिंस कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।







## खबरें फटाफट

### पचास हजार का इनामी को गाजीपुर पुलिस ने मुंबई से किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** एसटीएफ वाराणसी एवं शहर कोतवाली पुलिस टीम ने 50,000 रुपये के इनामियां अपराधी को मुम्बई में गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान व वाँछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे उपनिरीक्षक अभिराज सरोज द्वारा पुरस्कार घोषित अपराधी को एसटीएफ के सहयोग से मुंबई के आशा कम्पाउन्ड आर के स्टूडियों वाजुला हुण्डई शोरुम चेम्बुर से 19 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार कर लिया। उसे सदर कोतवाली जनपद गाजीपुर में दर्ज दुराचार से सम्बन्धित (मुकदमा सं. 2937/2017 धारा 366/376/323/506/120बी भादवि) में गिरफ्तार किया गया?। गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम पुत्र हबीबुल्लाह निवासी चकफीद थाना बहरियाबाद गाजीपुर का निवासी है। पुलिस टीम ने उसे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कुर्ला मुम्बई पेश किया और ट्रान्जिट रिमाण्ड प्राप्त कर गाजीपुर लाया गया है। उक्त अभियुक्त को पुलिस वर्ष 2017 से तलाश कर रही थी। उस पर पचास हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अभिराज सरोज थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, मुख्य आरक्षी राजेंद्र पाण्डेय व सलीमउद्दीन एसटीएफ वाराणसी शामिल रहे।

### अज्ञात बदमाश ने युवक को मारी गोली, मौके पर पहुंचे पुलिस कप्तान

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली थाना अंतर्गत बिंदुरवा महाराजगंज निवासी संजय कुमार पासी पुत्र ध्रुव कुमार पासी (37) को किसी अज्ञात व्यक्ति ने कोतवाली थाना अंतर्गत खावपुर सतहीं गांव में गोली मार कर घायल कर दिया है। सूचना पर पुलिस दल बल के साथ पहुंच गई है। पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के निर्देश दिए हैं। गोली मारने वाले व्यक्ति ने अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया है। यह मामला रात के 8:30 बजे का है। पुलिस ने घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा। लेकिन चिकित्सकों ने उसे वाराणसी बीएचयू रेफर कर दिया है।

## सनातन पांडेय पर सपा ने फिर से जताया भरोसा, इस बार लड़ाई नीरज से

♦ 15519 मतों से हार गए थे 2019 लोकसभा का चुनाव

**केटी न्यूज / बलिया**

एक तरफ मौसम का पारा चढ़ते जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव 2024 का तापमान बढ़ता जा रहा है। सोमवार को समाजवादी पार्टी ने बलिया (72) लोकसभा से सनातन पांडेय को अपना प्रत्याशी बनाया है। 2019 में बलिया लोकसभा से सनातन पांडेय चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार 2024 चुनाव में भी सपा ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव 2019 में सनातन पांडेय ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह मस्त को कड़ी टक्कर दिया था। हालांकि उस समय सपा और बसपा का गठबंधन भी एक फैक्टर था। लेकिन इस बार चूंकि इंडिया गठबंधन है तो जाहिरसी बात है खेल और भी ज्यादा रोचक होगा।





सनातन पाण्डेय 2007 से 2012 तक बलिया के तत्कालीन चिलकहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। 2013 से 2017 तक जब प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री के रुप में इन्होंने कार्य किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सनातन पांडेय ने 453595 मत प्राप्त किया था। 15519 मत से चुनाव हार गये थे। जहां वीरेंद्र सिंह मस्त सांसद बने। सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा जारी लिस्ट पर खुशी जाहिर होने लगी है। सपा के जिला प्रवक्ता सुशील पाण्डेय 'कान्हजी' ने सनातन पाण्डेय को प्रत्याशी घोषित करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को पूरे जनपद की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन में सम्मिलित सभी दल के कार्यकर्ता इस निर्णय से अहलादित हैं। इंडी गठबंधन के सभी लोग मिलकर बलिया लोकसभा में परिवर्तन की आंधी लाएंगे। अब लड़ाई कांटे की बताई जा रही है। एनडीए गठबंधन की तरफ से बीजेपी ने पहले ही पूर्व प्रधानमन्त्री स्व चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर उम्मीदवार बनाया है। बीएसपी ने गाजीपुर निवासी लल्लन सिंह यादव को मैदान में उतारा है।

## लोकसभा चुनावः 'साइकिल' को मिला 'हाथ' का साथ, रफ्तार हुई तेज

# गाजीपुर में कमल का 'फूल' बना राजनीतिक 'शूल'

♦ त्रिकोणीय मुकाबले में उलझे नजर आ रहे भाजपा प्रत्याशी पारस नाथ राय

**अखिलानंद तिवारी/ गाजीपुर**




गाजीपुर लोकसभा सीट इन दिनों चर्चा में है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे बीजेपी उम्मीदवार पारस नाथ राय की राह में राजनीतिक संगठनों को नित नई चुनौती मिल रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यहां कमल का 'फूल' राजनीतिक 'शूल' बन गया है, जो अपने ही घर तथा आंगन में चुभ रहा है। इसकी मुख्य वजह यह है कि भाजपा कार्यकर्ता कमल का फूल' धारण करने वाले प्रत्याशी से कंधे से कंधा मिलाकर नहीं चल पा रहे हैं। क्योंकि उम्मीदवार की घोषणा के साथ ही विरोध के स्वर गूंजने लगे थे, वह अब भी शांत नहीं हुए हैं। उधर 'साइकिल' को 'हाथ' का साथ मिलने के बाद उसकी रफ्तार तेज नजर आ रही है।

सनद रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के चतुर राजनीतिज्ञ, वर्तमान बसपा सांसद व सपा से गाजीपुर लोकसभा सीट के उम्मीदवार अफजाल अंसारी का डंका बिहार की सरहद से लेकर सियासत के गलियारों में समय-समय पर खूब बजा है। अफजाल अंसारी ने राजनीति में कद्दावर नेताओं को न केवल धूल चटाई, बल्कि सियासी जमीन तक छोड़ने पर मजबूर कर दिया। राजनीति में अफजाल अंसारी का कद भले बहुत बड़ा न हो, लेकिन कई बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके अफजाल के दिमाग को लोग चलता -फिरता कंम्पयूटर मानते हैं। पूर्वांचल में सर्वसमाज के नेता के रूप में अफजाल अंसारी की अपनी अलग पहचान है।

हालांकि इस बार मैदान में उतारे भाजपा, बसपा तथा सपा गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव से पहले कांटो भरे ताज तक पहुंचने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगा रहे हैं। इसके लिए एक दूसरे की न केवल खामियां खोजी जा रही है, बल्कि व्यंग्य बाणों की बरसात भी चुनावी मैदान में शुरू है। देखा जाए तो गाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र -75 से इस समय अफजाल अंसारी बहुजन समाज पार्टी के सांसद हैं, क्योंकि वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव वह बसपा के टिकट से जीते थे। जबकि इस बार वह समाजवादी पार्टी के टिकट से चुनाव मैदान में हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने काफी दिन पहले ही उनके नाम की घोषणा कर दी है। देखा जाए तो पहली बार अफजाल अंसारी वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर संसद में पहुंचे थे। दूसरी बार वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी एवं कद्दावर नेता मनोज सिन्हा को करीब सवा लाख वोटों से हरा कर जीत दर्ज की और दूसरी बार संसद में पहुंचे।

### अफजाल अंसारी ने कब-कब दी मनोज सिन्हा को मात





**गाजीपुर।** हम बात कर रहे हैं जनपद के विकास पुरुष कहे जाने वाले मनोज सिन्हा (वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल) की। जिन्हें अफजाल अंसारी ने दो बार चुनावी मैदान में पटखनी दी है। पहली बार अफजाल अंसारी वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर संसद में पहुंचे थे। इसके बाद वर्ष 2014 में मनोज सिन्हा करीब 33,000 वोटों से जीतकर संसद पहुंचे थे। जबकि वर्ष 2019 में सपा-बसपा और रालोद गठबंधन में वह करीब सवा लाख वोटों से चुनावी मैदान में पीछे रह गए। साल 2014 में मनोज सिन्हा को 3,06,929 वोट मिले थे। जबकि उनके खिलाफ सपा उम्मीदवार शिव कन्या को 274477 वोट हासिल हो पाए थे। बसपा के कैलाशनाथ सिंह को 2,41,645 वोट पाकर तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। वर्ष 2019 की बात करें तो अफजाल अंसारी को 5,56,082 वोट हासिल हुए थे। मनोज सिन्हा 2014 की तुलना में करीब डेढ़ लाख ज्यादा वोट पाए, लेकिन परिणाम बीजेपी के हक में नही रहा। उन्हें 4,46,690 वोट मिले थे। लेकिन सपा बसपा गठबंधन के कारण मनोज सिन्हा का विकास दम तोड़ दिया और वह चुनाव हार गए थे। इस तरफ जलन अंसारी दूसरी बार जीत दर्ज कर संसद में पहुंचे। जबकि अफजाल अंसारी के सियासी प्रतिद्वंद्वी रहे मनोज सिन्हा वर्ष 1996, 1999 और 2014 में सांसद चुने गए थे।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने जिला महिला और पुरुष अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सोमवार को जिला महिला और पुरुष अस्पताल का औचक निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं के बारे



में जायजा लिया और सीएमएस को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। जिला महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन एंड रिपोर्ट कक्ष के बाहर और स्त्री रोग विशेषज्ञ कक्ष में जाकर वहां बेतरतीब ढंग से खड़ी महिलाओं को एक लाइन बनवाकर इलाज कराने हेतु सीएमएस को निर्देशित किया। विभिन्न वार्डों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों से बातचीत कर अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क दवा, भोजन, पानी इत्यादि के बारे में जानकारी ली। जिला महिला अस्पताल के बिजली की समस्या को दूर करने के लिए जिलाधिकारी के प्रयासों से शासन स्तर से मंजूरी मिलने के बाद अस्पताल के लिए 50 केवीए का लोड बढ़ाया गया है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर बिजली विभाग के मौजूद एसडीओ को अस्पताल के इलेक्ट्रीशियन को सभी बिजली संचालन संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में प्रशिक्षण देने को कहा। इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल (पुरुष) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चा वार्ड में भर्ती छोटे बच्चों के अभिभावकों से जाकर बातचीत की। निरीक्षण के दौरान कई जगह फर्श के गड्ढे मिले, जिसे सीएमएस डॉ सुजीत कुमार यादव को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, जिला अस्पताल ( महिला) की सीएमएस डॉ सुष्मिता सिन्हा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### हनुमान जयंती के पूर्व शोभायात्रा निकाल बहायी भक्ति की धारा



**पीडीडीयू नगर।** हनुमान जयंती के पूर्व सोमवार को भक्तों ने शहर में शोभायात्रा निकाली और भजन कीर्तन कर भक्ति की धारा बहायी। दोपहर बाद नई सट्टी स्थित हनुमान मंदिर में रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू किया गया। विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती के पूर्व सोमवार को नगर के रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर तथा नई सट्टी स्थित हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा और पालकी यात्रा निकाली गई। हनुमान भक्त मंडल की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में कई झांकियां भी शामिल थीं। शक्तिशाली बजरंगबली का रूप धरे कलाकार शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभायात्रा में जहां घोड़े और डीजे शामिल किए गए थे वहीं महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए नाचते हुए चल रही थीं। शोभायात्रा नई सट्टी, कैलाशपुरी, रवि नगर, पटेल नगर, न्यू महाल, लाठ नंबर दो, मैनाताली, गल्ला मंडी होते हुए बाजार भ्रमण करते हुए वापस हनुमान मंदिर पर आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भजन गायक आनंद गुप्ता ने अपने स्वरों से माहौल को भक्तिमय बना दिया था। शोभायात्रा में विधायक रमेश जायसवाल, राणा प्रताप सिंह, संजीव जायसवाल, विभूति जायसवाल, कृष्ण गुप्ता, विजय कुमार, अजय पांडे, बबलू अग्रवाल, विशाल तिवारी आदि शामिल रहे।

## पृथ्वी दिवस पर हरियाली के लिए बच्चों ने रोपे पौधे

**केटी न्यूज/चंदौली**

बबुरी स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में विश्व अर्थ दिवस के अवसर पर सैकड़ो पौधे लगाए गए । इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदूषण के बढ़ते हुए प्रभाव ने धरती की पारिस्थितिक तंत्र को असंतुलित बना दिया है अतः हम मनुष्यों का कर्तव्य है कि धरती के पर्यावरण को स्वच्छ और स्वास्थ्य वातावरण को ठीक रखें।इसके लिए हमारे पूर्वजों ने ऋषियों महर्षियों ने बहुत कुछ किया है और बदले में प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सूर्य मुनि तिवारी ने विश्व पृथ्वी दिवस पर देश के भविष्य होनहार बच्चों के साथ पौधे लगाए तथा उन्होंने बच्चों को जननी जन्मभूमि से स्वर्गादपि गरीयसी का भावार्थ भी समझाया , तत्पश्चात इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार मिश्रा ने बच्चों को विश्व




अर्थ दिवस के थीम प्लेनेट वर्सिज प्लास्टिक के महत्व को समझाया । इस दौरान मुख्य रूप से आर्यन त्रिपाठी ,संतोष सिंह, संगीता सिंह, मंजू , कमलेश्वर तिवारी आदि उपस्थित थे।

## भीषण आग के चलते मल्लाह बस्ती के दर्जनभर झोपड़े जलकर हुए खाक

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र के शेरपुर कलां के मौजा मुबारकपुर के मल्लाह बस्ती में अज्ञात कर्म से भीषण आग लग गई। जिसके चलते रामजी चौधरी, प्रेम चौधरी, राजकुमारी देवी, लक्ष्मण चौधरी, छोटेलाल चौधरी, मीरा देवी, गोविंद चौधरी, राहुल चौधरी, कमलेश चौधरी, राकेश चौधरी के रिहायसी झोपड़े में आग लग गयी। जिससे घर में रखा सारा सामान सहित झोपड़ी जलकर खाक हो गई। घटना की खबर लगते ही तत्काल मौके पर क्षेत्रीय विधायक मन्नू अंसारी पहुंचकर अग्नि पीड़ित की मदद में लग गए। उन्होंने अग्नि पीड़ितों से घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे। राहत कार्यों की एसडीएम मुहम्मदाबाद और नायब तहसीलदार से जानकारी प्राप्त की।




## नहाने के दौरान अक्सर हो रहा हादसा इसके बावजूद नहीं सबक ले रहे लोग

# बहन की शादी में बिहार से आई युवती गंगा में डूबी

**केटी न्यूज/लालगंज**

बिहार से बहन के घर विवाह में भाग लेने आई युवती नहाते समय गंगा नदी के गछिया बाबा घाट पर सोमवार के शाम डूब गई। सूचना पर पहुंची लालगंज चौकी के पुलिस ने जाल लगवाकर शव को खोजने में जुट गई। दोकटी थाना क्षेत्र के शिव पुर कपूर दियर पंचायत के बिंद बस्ती धनजी पासवान के छोटे लड़के की शादी तय करना की शादी है जिसके लिए 20 अप्रैल को तिलक चढ़ गया। 24 अप्रैल को शादी थी। शादी में भाग लेने के लिए धनजी के पुत्र विशाल पासवान की तीन सालियां कुमारी रानी 20 साल पुत्री धनलाल पासवान, मधु पुत्री धनलाल 14 एवं चचेरी वहन चंदा पुत्री जगजीवन पासवान 16 साल बिहार राज्य के डुमरी गांव से आई थीं।

तीनो बहनें सोमवार के करीब चार बजे गंगा स्नान गाछिया बाबा घाट पर गई थी। नहाते समय तीनो बहने गंगा के गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। किसी की नजर डूबते लड़कियों पर पड़ी तो हो हल्ला मचाया। हल्ला सुन वहा नाव चलाने वाले मल्लाह राकेश बिंद,अखिलेश बिंद,प्रभु बिंद बचाने के लिए गंगा में कूद गए दो बहने चंदा और मधु को तो बचा लिया पर रानी को नही बचा पाए रानी डूब गई सूचना पर चौकी प्रभारी लालगंज जय प्रकाश अपने सिपाहियो संग पहुंच शव खोजवाने में जुट गए।



### गंगा नदी में डूबा युवक, मची अफरा-तफरी

**हल्दी।** हल्दी थाना अन्तर्गत चैन छपरा घाट पर आज सोमवार को मुण्डन संस्कार के दौरान गंगा नदी में ओझवलिया का एक लड़का डूब गया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई है। घाट पर चारों तरफ चीख पुकार मच गया है। आनन फानन में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी स्मारक समिति के प्रबंधक सुशील दूबे ने हल्दी थाना एवं सम्बंधित अधिकारियों को सूचित किया। हल्दी थाना टीम लाश को बरामद करने में जुटी रही। मृतक लड़के का नाम गोलू पासवान पुत्र स्व. ललन पासवानहै ,जिसकी उम्र 25 वर्ष है। समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हो पाया है। ज्ञात हो कि आज सोमवार को ओझवलिया के मृतक के बड़े भाई अर्जुन पासवान के दो लड़के का मुण्डन संस्कार चैन छपरा घाट पर हो रहा था इसी दौरान नहाने के बाद मृतक गोलू पासवान पूजा करने हेतु लोटा में गंगा जल लाने दोबारा नदी में गया उसी दौरान उसका पैर फिसला गया और गहरी खाई में डूब गया।

### तीसरे दिन उतराया मिला रणवीर गुप्ता का शव

**लालगंज।** क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रणवीर गुप्ता 15 साल पुत्र रामनारायण गुप्ता के शव डूबने के तीसरे दिन दोकटी घाट पर सोमवार के दिन उतराया मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर परिजनों को सुपर्द कर दिया, शव की अंत्येष्ठि शिव पुर घाट पर कर दिया गया। शनिवार के सुबह शिवपुर घाट पर परिवार के संग नहाने गया क्षेत्र के रणवीर गुप्ता पुत्र रामनारायण गुप्ता के गंगा नदी में डूब जाने के बाद शव की खोज शुरू हुआ था। स्थानीय मल्लाहों ने पहले जाल लगाकर खोजा फिर रेवती से गोताखोरों ने आकर शव की खोजने की कोशिश किया पर सफलता नही मिला था। पुलिस ने शव को खोजने के लिए गोरखपुर से एनडीआरएफ को बुलाया था। रविवार के आते आते देर शाम हो गया चौकी लालगंज पर एनडीआरएफ की टीम रुकी सुबह जैसे ही तैयार होकर घाट पर पहुंची ही थी कि परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया कि शव दोकटी घाट पर मिला है। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष मदन पटेल पहुंचे परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

# बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर- ट्राली में मारी टक्कर, एक की मौत, कई घायल

- गाजीपुर-वाराणसी फोरलेन हाइ-वे पर रामपुर माझां थाने के देवकली बस स्टैंड के समीप हुआ हादसा
- भीषण हादसे के बाद करीब एक घंटे तक जाम रहा हाई-वे



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर-वाराणसी फोरलेन हाइ-वे पर रामपुर माझां थाने के देवकली बस स्टैंड के समीप एक बेकाबू ट्रक (टेलर) ने ट्रैक्टर-ट्राली में भीषण टक्कर होने से देवकली निवासी सोलू अहमद (15) पुत्र भुवर अहमद की तत्काल घटना स्थल पर मौत हो गई। हादसे में शाहिद (30), सेराज अहमद (28) सहित ट्रैक्टर पर सवार छह बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए।

उधर घटना में ट्रक चालक राजकुमार (40) को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए सैदपुर सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। ट्रक मिर्जापुर जनपद के देहात कोतवाली का है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाइ-वे जाम रहा। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आवागमन चालू कराया।

बताते चलें कि रामपुर माझां थाना क्षेत्र के निंदोपुर ग्राम से बारात कुर्बानसराय ग्राम में गई थी। दहेज का सामान लाद कर ट्रैक्टर-ट्राली निंदोपुर गांव लौट रही थी। देवकली बस स्टैंड पर ट्रैक्टर-ट्राली पर बैंड बाजा बजाने वालों को उतारने के लिए रूका गया। इसी बीच गाजीपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्राली पर बैठे लोग डिवाडर पर गिर गए, जबकि सोलू के सड़क पर गिर जाने से उसका सिर बुरी तरह फट गया। उसने तत्काल घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। ट्रक चालक वाहन में फंसने से बुरी तरह घायल हो गया। उसे किसी तरह तोड़कर बाहर निकाला गया।इलाज के लिए सैदपुर हास्पीटल भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही रामपुर मांझा व नंदगंज के थानाध्यक्ष गजेंद्र राय, जीतबहादुर सिंह, राकेश पाल, कृष्ण प्रताप सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक की लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अनियंत्रित कार ने खड़े ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, चार जख्मी



**हल्दी।** थाना क्षेत्र के बहादुरपुर ढाले पर एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारकर सड़क किनारे स्थित घर में घुस गई। जिसमें सवार लोग घायल हो गए। जिन्हें घायलावस्था में अस्पताल भेज दिया गया। बता दें कि बिहार प्रदेश के छपरा जिला के खैरा गांव निवासी शत्रुध्न भगत 38 वर्ष, धीरज भगत 17 वर्ष, देव मूर्ति देवी 60 वर्ष को लेकर चालक सिकंदर बलिया से छपरा जा रहा था। बताया जा रहा है कि लोग रिश्तेदारी में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद छपरा के लिए निकले थे। जैसे ही हल्दी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर चट्टी पर पहुंचे तो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में टकराने के बाद ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया और सड़क किनारे पलट गई। कार में सवार लोगों ने बताया कि रातभर जागने के कारण ड्राइवर को झपकी लग गई। आस-पास के लोगों ने सभी घायलों को निजी अस्पताल भेजवाया।

## एक नजर

### दुबहड़ थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**बलिया।** दुबहड़ थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। वहीं उसके कब्जे में अपहृता को सकुशल बरामद किया। इस संबंध में सोमवार को थानाध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के लिए चालान कर दिया गया। पुलिस की माने तो दुष्कर्म के मामले दर्ज मुकदमे का वांछित अभियुक्त निर्भय साहनी पुत्र राम प्रवेश साहनी निवासी रुकूनपुरा थाना बाँसडीह को थाने के उपनिरीक्षक विश्वदीप सिंह ने मुखबीर की सूचना पर बलिया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। वहीं उसके कब्जे से वहीं उसके कब्जे में अपहृता को सकुशल बरामद कर परिजनो को सौंप दिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

### किसानों को सुविधा देने वाले समिति के कर्मचारियों की माली हालत खराब

**चंदौली।** क्षेत्र के बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति संघति सहित जनपद के तीन समितियों पर 2022-23 में हुए धान क्रय केंद्र का अभी तक कमीशन नहीं मिलने से कर्मचारी भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं। इसकी लिखित शिकायत कर्मचारियों ने यूपी एसएस एजेंसी के प्रबंधक से की है। आलम यह है कि शासन के अधीन किसानों को खाद, बीज के साथ ही धान व गेहूं क्रय केंद्र करने वाली समिति के कर्मचारी सिर्फ कमीशन पर अधीन रहते हैं। इसमें एजेंसियों द्वारा कमीशन भी देने में हीलाहवाली करने के बाद उनकी माली हालात खराब हो जाती है। यहां तक की बहुत से कर्मचारी सदमे में आकर जान तक गवा देते हैं। कमोवेश यही हालात बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति संघति,पचोखर व विसापुर की बनी हुई है। जहां 2022-23 में हुए धान खरीद का अभी तक कर्मचारियों को ना तो कमीशन मिला और ना ही सुख सुविधा व पल्लेदारी जिससे कर्मचारियों की माली हालत खराब हो चुकी है। इसकी शिकायत कर्मचारियों ने कई बार यूपी एस एस एजेंसी के प्रबंधक से कर्मचारियों ने मौखिक व लिखित रूप से किया। लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से कर्मचारी भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं।

### आरबीएसके के कैंप में 16 जन्मजात गूंगे-बहरे बच्चे मिले, सर्जरी के लिए कानपुर रेफर



**मऊ।** जिला चिकित्सालय सभागार में जन्म से 5 वर्ष तक के गूंगे और बहरे बच्चे का विभागीय खर्चे पर स्क्रीनिंग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्व एस एन मेहरोत्रा मेमोरियल ईएनटी फाउंडेशन, कानपुर के सहयोग से आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आरबीएसके टीम, आंगनबाड़ी एवम आशाओं द्वारा चिन्हित बच्चो को सभी संबंधित आरबीएसके टीमों एवम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा लाया गया। इस शिविर में कुल 100 बच्चो का पंजीकरण हुआ, जिसमे जन्मजात गूंगे बहरे का स्वास्थ्य विभाग के खर्चे पर ऑपरेशन के लिए 16 बच्चो को चिन्हित कर स्व.एसएन मेहरोत्रा मेमोरियल ईएनटी फाउंडेशन, कानपुर के लिए संदर्भित किया गया। नोडल अधिकारी डा. बीके यादव द्वारा कैंप में पूर्व में जन्मजात बहरापन के उपचार के लिए चिन्हाकन कर संदर्भित करने में अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरबीएसके टीम लीडर को संबंधित संस्था का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर में जनपद स्तर से जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, डीईआईसी प्रबंधक आरबीएसके, जिला आडियोलोजिस्ट, हेल्प डेस्क मैनेजर, इत्यादि एवम संबंधित संस्था के प्रोग्राम मैनेजर, एडियोलॉजिस्ट उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने फतेहपुर सीकरी में जनसभा को किया संबोधित

# अयोध्या और काशी ने लक्ष्य पा लिया है, अब ब्रज की बारी है: सीएम योगी

- बोले: पूरे देश में किसानों के लिए कार्य कर रहे फतेहपुर सीकरी के सांसद
- बोले-गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिये

**केटी न्यूज/फतेहपुर सीकरी**



यह पूरा क्षेत्र ब्रज भूमि का भाग है। गिरिराज महराज की यहां बड़ी कृपा है। दुनिया यहां के रज-रज में कृष्ण कन्हैया का दर्शन करती है। सौभाग्य है कि इस धरती पर रहकर जीवन यापन कर आप सभी लोग भारत माता की सेवा करने में लगे हैं। अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। अब ब्रज भूमि का भी नंबर आने वाला है। विकास के लिए अब आपको तरसाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाएगा। अब आगरा में भी एयरपोर्ट बन रहा है। आगरा भी गंगाजल का सेवन कर रहा है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने सोमवार को किरावली में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फतेहपुर सीकरी के सांसद/ प्रत्याशी राजकुमार चाहर को फिर से सदन भेजने की अपील की। सीएम ने आग्रह किया कि घ?-घर जाइए, मतदान का प्रतिशत बढ़ाइए। सीएम ने कहा कि इस माटी के लाल आरकेएस भदौरिया वायु सेनाध्यक्ष के बाद भाजपा संग मिलकर आपके लिए कार्य करने को तत्पर हैं।

**विपक्षियों को पांच साल की छुट्टी दीजिए और बोलिए- जाओ, खूब फातिहा पढ़ो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग माफिया व अपराधी को गले का हार बनाकर बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगा रहे थे। यह लोग माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ रहे हैं। चुनाव में इन्हें बोल दीजिए, वोट तो कमल पर जाएगा, तुम लोगों को पांच साल की छुट्टी दे रहे हैं, जाओ- खूब फातिहा पढ़ो। हम अयोध्या में रामलला का दर्शन करा रहे हैं तो माफिया का राम-नाम सत्य भी करा रहे हैं। भाजपा सरकार है तो यह अद्भुत संयोग है। हमारा नारा राष्ट्रवाद है, जातिवाद नहीं। जाति व परिवार की बात करने वाले देश को कमजोर करना चाहते हैं।

**रामनवमी पर पीएम भले अयोध्या में नहीं थे पर मन अयोध्या में ही था:** सीएम योगी ने कहा कि रामनवमी के दिन भगवान राम का सूर्य तिलक हुआ था। एक तरफ कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग कहते थे कि क्या प्रमाण है कि राम का जन्म अयोध्या में हुआ। ?ह कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं थे, जैसे लगता था कि इस सृष्टि के पहले कांग्रेस, सपा-बसपा, ही पैदा हो गई थी। पीएम मोदी का प्रताप है कि इन लोगों का झूठ फेल हो गया और रामलला का मंदिर भी बन गया। पीएम मोदी ने ही अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया और प्राण-प्रतिष्ठा भी की। सूर्य तिलक के समय पीएम भले ही अयोध्या में नहीं थे, लेकिन उनका मन अयोध्या में ही था। 500 वर्ष बाद रामलला को अपनी जन्मभूमि पर ही जन्मोत्सव मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। भारत ने साबित कर दिया कि जो भी कौम विरासत का सम्मान करेगा, उसे दुनिया में सम्मान मिलेगा।

## योगी आदित्यनाथ बोले... जनता की आकांक्षा के अनुरूप हुए हैं देश में विकास के कार्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में जनता की आकांक्षा के अनुरूप विकास के कार्य हुए हैं। ये पहली बार देश में देखने को मिला है। विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय पीएम मोदी की पहचान है। इस दिशा में अद्भुत कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि इन मुद्दों पर चर्चा करने पर पब्लिक का रिस्पॉन्स मिलता है। जिन मुद्दों पर पब्लिक का सबसे ज्यादा समर्थन मिला है वो है इन्फ्रास्ट्रक्चर। आज देश में हाईवे दोगुने हुए हैं। 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे आज इनकी संख्या डेढ़ सौ से ज्यादा हैं। कांग्रेस के समय केवल 1 एम्स बना था। अटल जी की सरकार के समय 6 नये एम्स की स्थापना हुई। मोदी जी के कार्यकाल में इनकी संख्या 22 हो गई है। इसी प्रकार आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी का विस्तार और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज विकास की नई गाथा कह रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार देश में विरासत का सम्मान भी देखने को मिला है। काशी में विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक, केदारपुरी, बद्रीनाथ और सोमनाथ मंदिर का पुनरोद्धार और अयोध्या में 500 इंतजार का समाप्त होना व प्रभु श्रीराम का पुन: विराजमान होना। इसके साथ ही इन सभी नगरियों का कायाकल्प भी हुआ है। काशी में पहले 50 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे। आज 50 हजार भी आ जाएं तो कोई दिक्कत नहीं। अयोध्या में 500 लोग आ जाते थे तो संकट खड़ा हो जाता था, आज 5 लाख भी आ जाएं तो परेशानी नहीं।

**पाकिस्तान की आबादी से अधिक लोग भारत में गरीबी रेखा से उठे:** सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ विरासत का सम्मान तो दूसरी तरफ विकास के कार्य भी हो रहे हैं। 1947 में पाकिस्तान भारत से अलग हुआ था। भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है और पाकिस्तान में 23 करोड़ जनता भूखों मर रही है। पाकिस्तान की आबादी से अधिक लोगों को पीएम मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में गरीबी रेखा से उठाकर खुशहाल व स्वावलंबी जीवन दिया गया। कांग्रेस व सपा वाले गरीबों के हकों पर डकैती डालने के लिए जनधन अकाउंट नहीं खोलते थे। गरीब सर्दी में ठिठुरता था तो बरसात में भूखों सो जाता था, लेकिन मोदी जी के राज में 'सबका साथ-सबका विकास' के आधार पर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सुविधा सबको, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं।

## पीडीएम ने घोसी में अधिवक्ता प्रेमचंद्र को बनाया प्रत्याशी

**मऊ।** अधिवक्ता प्रेमचंद्र उर्फ क्रांति निषाद घोसी संसदीय सीट पर तीसरे मोर्चे के उम्मीदवार बनाए गए हैं। पीडीएम (पिछड़ा, दलित और मुस्लिम) मोर्चे ने उनके नाम का एलान किया। प्रेमचंद्र लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय हैं और बुनियादी समस्याओं को लेकर हमेशा मुखर रहे हैं। जुझारू तेवर और अपनी बातों को तार्किक ढंग से जनता के बीच रखने की उनकी प्रभावशाली शैली के लोग मुरीद हैं। घोसी सीट पर सातवें और अंतिम चरण में एक जून को वोट पड़ेंगे। इस सीट पर भाजपा गठबंधन, सपा गठबंधन और बसपा ने अपने-अपने उम्मीदवारों का पहले ही एलान कर दिया है। भाजपा गठबंधन से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अरविंद राजभर चुनाव मैदान में हैं जबकि सपा गठबंधन ने राजीव राय को यहां से टिकट दिया है। बसपा ने यहां बालकृष्ण चौहान पर दांव लगाया है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला बालक का शव

**मऊ।** जिले के पिपरिडीह रेलवे स्टेशन से सटे रेकवारेडीह गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक बालक का शव मिलने सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि जिले के पिपरीडीह रेलवे स्टेशन से सटे रेकावारेडीह गांव के पास सोमवार की सुबह बालक का शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

# 50 हजार रु. का इनामी मुंबई से गिरफ्तार

- एसटीएफ वाराणसी और गाजीपुर कोतवाली पुलिस टीम ने संयुक्त छापेमारी में धर दबोचा
- गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम पुत्र हबीबुल्लाहे चकफीद थाना बहरियाबाद गाजीपुर का निवासी है

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

एसटीएफ वाराणसी एवं शहर कोतवाली पुलिस टीम ने 50,000 रुपये के इनामियां अपराधी को मुम्बई में गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान व वाँछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक अभिराज सरोज द्वारा पुरस्कार घोषित अपराधी को एसटीएफ के सहयोग से मुंबई के आशा कम्पाउन्ड आर के स्टूडियों वाजुला हुण्डई शोरुम चेम्बुर से 19 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार कर लिया। उसे सदर कोतवाली जनपद गाजीपुर में दर्ज दुराचार से सम्बन्धित (मुकदमा सं. 2937/2017 धारा 366/376/323/506/120बी भादवि) में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम पुत्र हबीबुल्लाहे निवासी चकफीद थाना बहरियाबाद गाजीपुर का निवासी है। पुलिस टीम ने उसे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कुर्ला मुम्बई पेश किया और ट्रान्जिट रिमाण्ड प्राप्त कर गाजीपुर लाया गया है। उक्त अभियुक्त को पुलिस वर्ष 2017 से तलाश कर रही थी। उसके विरुद्धे विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अभिराज सरोज थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, मुख्य आरक्षी राजेंद्र पाण्डेय व सलीमउद्दीन एसटीएफ वाराणसी शामिल रहे।

# बदमाश ने युवक को मारी गोली, एसपी ने की छानबीन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शहर कोतवाली थाना अंतर्गत बिंदपुरवा महाराजगंज निवासी संजय कुमार पासी पुत्र ध्रुव कुमार पासी (37) को किसी अज्ञात व्यक्ति ने कोतवाली थाना अंतर्गत खावपुर सतहीं गांव में गोली मार कर घायल कर दिया है। सूचना पर पुलिस दल बल के साथ पहुंच गई है। पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के निर्देश दिए हैं। गोली मारने वाले व्यक्ति ने अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया है। यह मामला रात के 8:30 बजे का है। पुलिस ने घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा। लेकिन चिकित्सकों ने उसे वाराणसी बीएचयू रेफर कर दिया है। पुलिस कप्तान ने बताया कि मौके पर कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। संबंधित पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इससे संबंधित आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही भी की जा रही है।

## चंदौली पहुंची 18 लाख पुस्तकों की खेप, ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर भेजी जा रहीं पुस्तकें

# परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को जल्द मिलेंगी नई किताबें

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिले के परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के हाथों में जल्द ही नई पुस्तक होगी। इसके लिए 18 लाख पुस्तकें आ चुकी हैं। जिला बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर पुस्तकों के भेजने का सिलसिला जारी हो गया। जहां से नया पंचायत स्तर पर पुस्तक भेजी जाएंगी। जनपद में कुल 1185 पर परिषदीय विद्यालयों में ढाई लाख से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। नए सत्र शुरू होने के 17 दिन बाद भी उनके हाथों में किताबें नहीं है। इसके चलते उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में उन्हें परेशानी हो रही है। बच्चों को जल्द से जल्द हाथों में नई पुस्तक हो इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला पुस्तक केंद्र से पुस्तकों के भेजने का सिलसिला शुरू हो चुका है। जिला बेसिक शिक्षा विभाग का दावा है कि जल्द से जल्द बच्चों के हाथों में नई किताबें होगी,ताकि अगली कक्षा में पढ़ सकें। जनपद में कुल 18 लाख पुस्तक बच्चों के लिए आई हैं, जो जिला पुस्तक केंद्र में भंडारण की गई थी। जिला पुस्तक केंद्र प्रभारी महेंद्र प्रसाद का कहना है कि जिला मुख्यालय स्थित पुस्तक केंद्र से नौगढ़ नगर को छोड़कर सभी ब्लॉकों के संसाधन केंद्रों को पुस्तक भेज दी गई हैं।वहां से न्याय पंचायत स्तर से पुस्तक विद्यालयों को भेज कर वितरित कराई जा रही है। जल्द ही नौगढ़ व नगर में भी पुस्तक भेज दी जाएगी, ताकि बच्चों को जल्द नई पुस्तक उपलब्ध हो।



## पृथ्वी को स्वच्छ-सुंदर व प्रदूषणमुक्त बनाने का लिया संकल्प

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज व ग्रामीण जनता शिक्षण सेवा संस्थान बलिया के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रभात फेरी नगर में निकाली गई। लोगों को पृथ्वी को स्वच्छ सुन्दर के साथ प्रदुषण मुक्त बनाने का प्रण दिलाया इस पर रैली के पश्चात निबन्ध पोस्टर, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यकम व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा मे संगोष्ठी आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी को स्वच्छ व सुंदर रखने के लिए सभी को प्रयास कराना चाहिए। प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हम आज संकल्प ले कि किसी भी सूरत में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे।



## सुभाषितम्

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है। - अज्ञात

## लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। 102 सीटों पर हुए मतदान के बाद जो स्थिति सामने आई है। उसके बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले मुस्लिम लीग के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुसलमानों का कोई उल्लेख ही नहीं था। कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जालौर में जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, कांग्रेस यदि सत्ता में वापस आएगी, तो वह लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वाले लोगों के बीच मुसलमानों में बांट देगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि वह माता और बहनों के सोने का सर्वे करेगी। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में यह भी सवाल किया, आपकी मेहनत की कमाई को क्या घुसपैठियों और नक्सली मानसिकता वाले लोगों के बीच में बांटना चाहिए। कांग्रेस म?हिलाओं के मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेंगे। ऐसा कहकर उन्होंने महिलाओं के साथ-साथ हिंदुओं के बीच में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन चुका है मं?दिर की प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है। भाजपा को लगता था, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदुओं का सैलाब भाजपा के साथ जुडेगा। उत्तर से दक्षिण तक पश्चिम से पूर्व तक हिंदुत्व की लहर चलना शुरू हो जाएगी। चारों शंकराचार्य के अयोध्या नहीं पहुंचने तथा मंदिर के शिखर का काम पूरा नहीं होने के बाद भी मंदिर में की गई प्राण प्रतिष्ठा शंकराचार्य ने को अपशगुन बताया था। उसके बाद से ही हिंदुत्व की हवा और मंदिर का जो लाभ भाजपा को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के जिस बयान को आधार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुसलमानों से जोड़कर जो कहा है, ऐसा मनमोहन सिंह ने कभी नहीं कहा था। इसे कई बार मीडिया दिखा भी चुका है। योजना आयोग की बैठक में उन्होंने यह कहा था कि अल्पसंख्यक वर्गों की भी इसमें हिस्सेदारी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया था। एससी, एसटी तथा अल्पसंख्यक समुदाय को भी आ?र्थिक लाभ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की घोषणा पत्र की गलत व्याख्या की है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को तोड़मोड़ करके प्रस्तुत कर धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा इस बात को भूल रहे हैं कि 2024 का चुनाव 2014 और 2019 के चुनाव से अलग है। उस समय लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा कर रहे थे। 2014 के चुनाव में उन्होंने 60 महीने का समय मांगा था। अच्छे दिनों का वायदा किया था। महंगाई कम करने का वादा किया था। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम घटाने की बात कही थी। 2 करोड लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। काला धन देश में वापस लाकर 15 लाख रुपए गरीबों के खाते में भेजने की बात कही थी। तब कांग्रेस के प्रति लोगों में अविश्वास था। नरेंद्र मोदी के ऊपर जनता विश्वास कर रही थी। 2019 के चुनाव में प्रधानमंत्री ने एक बार का कार्यकाल और मांगा। नोटबंदी के बाद काला धन वापस लाने का भरोसा दिलाया। लोगों को काले धन से उन्हें आर्थिक मदद करने का भरोसा दिलाया। राम मंदिर बनाने का भरोसा पैदा ?किया। धारा 370 जैसे मामले में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करके 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा ने जीत लिया। पिछले 10 वर्षों में जो वायदे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए थे। उनमें से कोई भी वायदा पूरा नहीं हुआ। युवाओं को नौकरी नहीं मिली, केंद्र एवं राज्य सरकारों ने अपने रिक्त पदों को नहीं भरा। सरकार ने ऐसी कोई नीतियां नहीं बनाई, जिससे युवाओं को रोजगार मिले। 2022 तक सबको पक्के मकान देने का वादा किया गया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ। कुछ ही लोगों को पक्के मकान मिले हैं।

## चिंतन-मनन

## कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है। यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है। एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।

# वोट से ज्यादा अपने गोरे रंग को बरकरार रखने की चिंता थी उन्हें...

-चैतन्य भट्ट

इस बार लोकसभा के चुनाव में वोटिंग परसेंटेज में काफी कमी आ गई जो आंकड़े आए हैं उसमें ये भी पता लगा है कि वोट डालने के लिए घर से बाहर निकले पुरुषों की संख्या ज्यादा थी और महिलाओं की संख्या कम लोगों ने सवाल किया कि महिलाएं वोट डालने क्यों नहीं गई ? अरे भैया देख रहे हो कितनी तेज धूप पड़ रही है भगवान सूरज अपनी पूरी ताकत लगाए पड़े हैं ऐसी भीषण गर्मी में घर के बाहर निकल कर कौन महिला होगी जो चेहरा काला करना चाहेगी, कहते हैं ना सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणें अगर चेहरे पर पड़े तो चेहरा काला पड़ जाता है जब पूरी दुनिया में गोरे रंग की तूती बोल रही है ऐसे में कौन सी महिला होगी जो अपने चेहरे को काला करने की सोचेगी , महिलाओं के लिए तो उनकी खूबसूरती ही सबसे बड़ा उनका गुण होता है, हर नौजवान खूबसूरत और गोरी बीवी चाहता है, फिल्मों में अगर जाना चाहे तो चेहरा खूबसूरत होना चाहिए ,टीवी में एंकर बनना है तो सुदर्शन दिखना चाहिए, प्राइवेट बैंक में जाना हो या कंपनी में जॉब करना हो तो वहां भी खूबसूरती



को प्राथमिकता दी जाती है, विवाह के जो विज्ञापन आते हैं उसमें भी साफ साफ लिख दिया जाता है । वर चाहिए गोरी और सुंदर युवती के लिए, यानी कि गोरा रंग सबसे इंपॉर्टेंट है,गोरे रंग के लिए तो तमाम तरह के प्रयास न केवल महिलाएं बल्कि पुरुष भी कर रहे हैं बड़ी-बड़ी कंपनियां गोरा बनाने के लिए क्रीम भी बाजार में बेच रही है उससे भले ही रंग गोरा हो या ना हो लेकिन उनकी तिजोरी तो भरती जा रही है। कोई हल्दी और शहद चेहरे पर लगाकर रंग गोरा कर रहा है तो कोई मलाई चेहरे पर घिसे पड़ा है यानी हर तरफ गोरे रंग की मांग बनी हुई है अब जब सब तरफ गोरे रंग का जलवा हो तो कौन सी महिला है जो इतनी तेज और चिलचिलाती धूप में वोट डालने लाइन में लगी रहे और फिर क्या है सरकारें तो आती जाती रहती है कभी इसकी तो कभी उसकी होना जाना कुछ है नहीं जैसी जिंदगी चल रही है चलती रहेगी पर जो सरकार में आ जाएगा उसकी चांदी हो जाएगी और जो हार जाएगा उसकी लाई लुट जाएगी ।लोगों ने पूछा कि पुरुष लोग तो वोट देने आए थे तो उनका क्या है, उनको तो घर से बाहर रहने का बहाना चाहिए बीवी की चिकचिक से थोड़ी देर तो आराम मिलेगा, इसी बहाने दोस्तों से भी मिल आयेंगे ,किसी पान के टपरे या चाय के ठेले पर खड़े होकर राजनीति की चर्चा भी कर लेंगे चाय का प्याला भी डकार लेंगे और एक राजश्री या विमल का गुटका भी सूट लेंगे। उनको तो फायदा ही फायदा है इसलिए उनकी संख्या ज्यादा हो गई अपने हिसाब से अपन ने इन आंकड़ों का पूरा जस्टिफिकेशन कर दिया अब आप मानो या ना मानो लेकिन अपना ये भी कहना है वोट ना डालने वाली महिलाओं से गोरे रंग पे ना इतना गुमान कर गोरा रंग दो दिन में ढल जाएगा

### अंतरात्मा की आवाज

आजकल राजनीति में जो भी नेता सक्रिय है वो अपने अंतरात्मा की आवाज पर अपना ध्यान कंसंट्रेट कर रहे हैं उनके कान पूरी तरह से अंतरात्मा की आवाज सुनने के लिए लगे रहते हैं कि पता नहीं अंतरात्मा उन्हें कब इस दल से उस दल में जाने की सलाह दे दे और न जाने कब उस दल से फिर इस दल में आने के लिए आवाज बुलंद कर दे। अब देखो ना छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम आहके 15 दिन पहले अपने अंतरात्मा की आवाज को सुनकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे लेकिन अचानक फिर उनकी अंतरात्मा ने उन्हें आवाज दी और कहा कि नहीं ये तुमने बहुत गलत कर दिया है तुम वापस कमलनाथ खेमे में वापस आ जाओ और भाई साहब रातों-रात भाजपा के प्रत्याशी को जिताने की बजाय नकुलनाथ को जिताने की अपील करने लगे, वोटर भी भारी परेशान हो गए कि भाई साहेब ने तो भगवा दुपट्टा ओढ़ लिया था इन्हें तो साहू जी की वकालत करनी चाहिए लेकिन ये नकुलनाथ को जिताने की बात कर रहे हैं लोगों ने पूछा कि भैया यह अचानक आपको क्या हो गया तो भाई साहब ने साफ उत्तर दे दिया कि मेरी अंतरात्मा ने मुझे आवाज दी कि बेटा तू जहां था वही अच्छा था वही चला जा जिन्होंने तुझे कहां से कहां पहुंचा दिया। अपने को लगता है आजकल अंतरात्मा भी राजनीति में रह रहकर दल बदलू हो गई है कभी इस दल में जाने के लिए कहती है तो कभी उस दल में जाने के लिए प्रेरित करती है अब चूंकि नेताओं के लिए अंतरात्मा सबसे ज्यादा इंपॉर्टेंट हो गई है इसलिए उसकी बात मानना भी पड़ती है और उस चक्कर में उसे सुबह किसी की तारीफ में कसीदे पढ़ने पड़ते हैं तो शाम को उसको पानी पी पी कर कोसना पड़ता है या फिर सुबह जिसको पानी पी पीकर कोसा जाता है शाम को उसकी तारीफ कैसे पुल बांधने पड़ते हैं कि वो खुद शर्मा जाए जिसकी तारीफ ये कर रहे हैं । जब पत्रकार उनसे सवाल पूछते हैं कि आप ये आया राम गया राम की स्थिति में क्यों हो तो वे एक ही उत्तर देते हैं हम क्या करें हम तो अंतरात्मा के अंडर में है जो अंतरात्मा कहती है वही हम करते हैं हमारा इसमें कोई दोष नहीं है ।

### जेल जाते ही बीमार

बाकी पूरे टाइम अच्छे भले स्वस्थ नेता या अफसर जैसे ही किसी मामले में जेल पहुंचते हैं अचानक से वे बीमार पड़ जाते हैं । किसी का ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है तो किसी की शुगर एकदम से 300 के पार चली जाती है किसी को सांस में तकलीफ होने लगती है तो किसी का बुखार 105 के आसपास पहुंच जाता है। आम आदमी पार्टी के कर्ताधर्ता अरविंद केजरीवाल की ही बात सुन लो, बेहतरीन सरकार चला रहे थे ना कोई तकलीफ थी ना कोई बीमारी लेकिन जैसे ही ईडीने उन्हें जेल भेजा उनकी तमाम बीमारियां बाहर निकाल कर आ गई वैसे तो उनकी शुगर ठीक-ठाक थी लेकिन वे आम चूस चूस कर कर शुगर को बढ़ाए पड़े हैं ताकि उन्हें जमानत मिल जाए।

# चुनाव में फसूकर डालती रानी-महारानी...

-राकेश अचल

अठारहवीं लोकसभा में जाने के लिए चुनाव लड़ रहे मध्यप्रदेश के राजा हों या महाराजा अपनी जीत को लेकर एकदम बेफिक्र नहीं हैं। इसीलिए राजा हों चाहे महाराजा उन्हें जिताने के लिए उनके बीबी-बच्चे तक चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे है। बुंदेलखंड में इसे फसूकर डालना भी कहते हैं। मध्यप्रदेश की 29 में से दो सीटें गुना और राजगढ़ इन दिनों सुर्खियों में है। गुना से सिंधिया राजघराने के प्रमुख केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है। 2019 में इसी सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में भाजपा ने उन्हें करारी शिकस्त दी थी और उनके पास से अजेय होने का तमगा छीन लिया था। 2024 में वे भाजपा के ही प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें जिताने की जिम्मेदारी भी भाजपा की ही है लेकिन ज्योतिरादित्य को शायद भाजपा के फौज-फांटे पर यकीन नहीं है इसलिए उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अपनी पत्नी महारानी श्रीमती प्रियदर्शनी राजे ,बेटे महाआर्यमन को भी मैदान में उतार दिया है।



सिंधिया परिवार में मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने परिजनों का इस्तेमाल करने की हालाँकि बहुत पुरानी परम्परा है। राजमाता विजया राजे सिंधिया के चुनाव में उनके बेटे माधवराव सिंधिया 1971 से पहले भीड़ को आकर्षित करने के लिए युवा महाराज के रूप में उतारे जाते थे। 1984 के चुनाव के बाद खुद माधवराव सिंधिया के चुनाव में उनकी पत्नी श्रीमती माधवी राजे और बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी चुनाव प्रचार में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया की उम्र कुल १४ साल की थी । इस चुनाव में माधवराव सिंधिया ने भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी बाजपेयी को पराजित किया था । पिछले चुनाव में पराजय का सामना कर चुके ज्योतिरादित्य सिंधिया हालाँकि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी हैं किन्तु उन्हें भाजपा कार्यकताओं पर पूरा भरोसा नहीं है ,क्योंकि भाजपा ने निवर्तमान सांसद केपी यादव का टिकिट काटकर उन्हें प्रत्याशी बनाया है। सिंधिया को यादवों में विद्रोह की आशंका है। इसीलिए उन्होंने गुना संसदीय क्षेत्र के आदिवासी बहुल इलाकों में अपनी पत्नी प्रियदर्शनी राजे और बेटे महाआर्यमन सिंधिया को मैदान में उतारा है । दोनों इलाके में दीवार लेखन से लेकर मतदाताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क करने में दिन -रात एक किये हुए हैं । सिंधिया परिवार के सदस्यों के प्रति इलाके के मतदाताओं में आकर्षण आज भी बरकरार है। आपको बता दूँ कि सिंधिया पिछले चुनाव में एक लाख बीस हजार वोटों से हारे थे।गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया की दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने 6 और पिता माधवराव सिंधिया ने 4 चुनाव जीते थे। खुद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना को लगातार चार बार जीता था। मध्यप्रदेश में दूसरा दिलचप चुनाव राजगढ़ में हो रहा है । यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। वे 31 साल बाद राजगढ़ वापस लौटे है। दिग्विजय सिंह ने यहां से पहला लोकसभा चुनाव 1984 में लड़ा था और आखिरी 1991 में। बाद में उनके भाई लक्ष्मण सिंह ने यहां से ४ चुनाव कांग्रेस के टिकिट पर और एक चुनाव 2004 में भाजपा के टिकिट पर जीता था। 2009 के चुनाव में भी ये सीट कांग्रेस के पास ही थी लेकिन 2014 और 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से ये सीट छीन ली थी। अब यहां से कांग्रेस के दिग्विजय सिंह का मुकाबला भाजपा के वर्तमान सांसद रोडमल नागर से है। दिग्विजय सिंह के चुनाव प्रचार में उनका बेटा जयवर्धन सिंह अपने आठ साल के बेटे के साथ मैदान में था । पौत्र के चुनाव प्रचार पार उँगलियाँ उठीं तो अब दिग्विजय सिंह की पत्नी श्रीमती अमृता सिंह खुद मैदान में आ गयीं है। वे पुरानी पत्रकार रहीं है और उन्होंने दिग्विजय सिंह के साथ नर्मदा परिक्रमा में भी हिस्सालिया था। राजगढ़ भी आदिवासी बहुल इलाका है। यहां भी राघौगढ़ राज घराने के प्रति आकर्षण है । खुद राजगढ़ एक जागीर है इसलिए यहां सामंती सोच अभी बरकरार है ।खास बात ये है कि भाजपा ने दिग्विजय सिंह को उस तरह से अभी नहीं घेरा है जिस तरह से छिंदवाड़ा में कमलनाथ को निबटने के लिए उनके बेटे नकुलनाथ को घेरा था ,उम्मीद की जा रही है की राजगढ़ में चुनाव नतीजे 2019 के मुकाबले चौंकाने वाले हो सकते हैं। मजे की बात ये है कि भाजपा में सिंधिया और राघौगढ़ राजघराने के लिए शुभचिंतकों की भी कमी कभी नहीं रही। दिग्विजय के भाई लक्ष्मण सिंह भाजपा में रह चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान और नरेंद्र सिंह तोमर से दिग्विजय के निजी रिश्ते हैं। इसी तरह गुना में ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए अनेक भाजपाई समर्पित हैं। भाजपा पूर्व में ज्योतिरादित्य सिंधिया को ग्वालियर से वाकओव्हर भी दे चुकी है ।इसलिए इस बात की बहुत संभावना है की एक -दूसरे के धुर विरोधी होते हुए भी दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया एक बार फिर लोकसभा में साथ-साथ बैठें। दोनों की जीत में उनके परिजनों का खून-पसीना भी जोड़ा जायेगा।

## हनुमान जयंती विशेष : रामदूत की महिमा

- डॉ. रीना मालपानी

रुद्रावतार रामदूत भक्त रूपी भगवान की महिमा भला किसे ज्ञात नहीं है। कलयुग में हनुमानजी प्रत्यक्ष विराजमान देव है। साधक की मनोवाँछित इच्छा की पूर्ति करने में हनुमानजी सक्षम है। अपनी भक्ति की उत्कृष्टता के कारण ही वे श्रीराम के प्रिय हो गए। अंजनीसुत गुण, ज्ञान, बुद्धि के स्वामी है। राम नाम श्रवण प्रिय हनुमानजी सदैव श्रीराम की भक्ति में लीन रहते है। श्रीराम के विजयपथ को हनुमानजी ने शीघ्रता प्रदान की। रुद्रावतार महादेव के समान ही श्रीराम की आराधना को जीवन का ध्येय मानते है। हनुमान प्राकट्य दिवस के दिन बजरंगबली की उपासना एवं आराधना का विशेष महत्त्व है। हम सभी को हनुमान चालीसा की श्रेष्ठता एवं प्रभावशीलता का ज्ञान है कि किस तरह हनुमान चालीसा व्यक्ति के जीवन में अनूठे परिवर्तन ला सकती है। अतः प्रयास करें की समय अनुरूप हनुमान चालीसा का वाचन एवं श्रवण अवश्य करें। हनुमानजी की अन्य आराधना भी अत्यंत प्रभावी मानी गई है। साधक अपनी मनोकामना के अनुरूप हनुमानजी की कोई भी साधना कर सकता है, क्योंकि रामदूत की आराधना से साधक में अदम्य साहस, उत्साह, उमंग एवं ऊर्जा का संचार होता है। ध्यान की उत्कृष्टता से हनुमानजी भलीं-भाँति परिचित है, इसलिए वे सदैव नश्वर संसार से विरक्ति कर जीवन को रामभक्ति के लिए समर्पित करते है। हनुमानजी अति सूक्ष्म एवं विशाल रूप दोनों ही धारण कर सकते है। रामायण में परिस्थिति के अनुसार उन्होंने अपना रूप परिवर्तित किया और प्रभु श्रीराम के कार्यों की सम्पन्नता की। हनुमानजी का आविर्भाव त्रेतायुग में हुआ था। बालरूप में ही हनुमानजी ने चमत्कार दिखाना शुरू कर दिया था। यदि साधक अगाध श्रद्धा और विश्वास से रामदूत की निरंतर आराधना करता रहें तो उसे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव दृष्टिगोचर होगें। हमारे धर्मग्रंथों में हनुमानजी को कलयुग का देवता कहा गया है। हनुमानजी को अजरता एवं अमरता का वरदान प्राप्त है। माता जानकी ने तो उन्हें अष्ट सिद्धि और नौ निधि के दाता होने का वरदान प्रदान किया था। तुलसीदासजी ने भी हनुमंत कृपा से ही प्रभु श्रीराम के दर्शन किए थे। हनुमानजी की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि वे सदैव राम कथा श्रवण को आतुर रहते है। इसलिए ऐसा कहा जाता है कि जहाँ राम कथा होती है वहाँ हनुमानजी सदैव विराजमान होते है। रुद्रावतार का महत्वपूर्ण निवास रामभक्तों के ह्रदय में भी मिलता है। हनुमानजी ने अपने जीवन में कभी यश, उच्च पद, लालच, धन, वैभव इत्यादि किसी को भी जीवन में महत्त्व नहीं दिया, बस वे पूर्ण निष्ठा-भक्ति से राम के प्रति समर्पित होकर भक्त रूपी भगवान बन गए। हनुमानजी को संकट मोचक भी कहा गया है, अर्थात वे भक्तों के संकट को क्षण में समाप्त कर देते है। हनुमानजी के लिए कोई भी कार्य करना असंभव नहीं है। राम नाम की महिमा तो सर्वविदित है, पर रामदूत हनुमान की महिमा भी अपरम्पार है, तो क्यों न हनुमानजी के दिन मंगलवार को राम नाम को ह्रदय में विराजमान कर हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमानजी की भक्ति एवं आशीर्वाद प्राप्त करते है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज शाम तक कारोबार में कोई बड़ी डील हो सकती है। कोई खास डील फाइनल हो जाएगी।

**वृषभ** आज का दिन सुख सम्मान से भरा होगा। आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा।

**मिथुन** आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आप कोई नया काम जो हाथ में लेंगे उसमें भी आपको सफलता मिलेगी।

**कर्क** आज का दिन काफी क्रिएटिव है और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेंगे जो आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे।

**कन्या** हर मामले में सावधानी रखने की जरूरत है। वरना आपकी समस्या और बढ़ सकती है।

**तुला** आज का दिन शुभ फलकारक है और आपके सभी विवादों का अंत आज हो जाएगा।

**वृश्चिक** आर्थिक लाभ होगा और आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु** दिन सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो लाभ होगा।

**मकर** आज पार्टनरशिप में काम करने वाले लोगों के लिए लाभ का दिन है। व्यापार में काफी फायदा पहुंचेगा।

**कुंभ** सतर्कता से बिताने का है। आज आपको खाने में लापरवाही करना भारी पड़ सकता है।

**मीन** आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से बचें तो आपके लिए अच्छा होगा।

## विशेष

### भाजपा 180 से 265 सीटों के बीच में?

मतदान के पहले चरण में कई सीटों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। मतदाताओं में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में इंडिया गठबंधन से कड़ी चुनौती एनडीए गठबंधन को मिल रही है। भाजपा के अंदर खाने में ही कहा जा रहा है, इस बार 265 से ज्यादा सीटें मिलना संभव नहीं है। वहीं विपक्षी दलों और पत्रकार जगत से खबर निकल कर आ रही है। इस लोकसभा के चुनाव मे भाजपा 150 से 180 सीटों के बीच रहेगी। कहीं-कहीं यह आंकड़ा 250 भी बोला जा रहा है। भाजपा 400 सीटों का दावा कर रही है। प्रथम चरण के मतदान के बाद जो स्थिति सामने आई है। उसके बाद से संसय की स्थिति और बढी है।

### प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र में सबसे बाद मतदान

तमिलनाडु ऐसा राज्य है। जहां की 39 सीटों पर एक साथ चुनाव हो गया। मध्य प्रदेश 6, छत्तीसगढ़ की 1 महाराष्ट्र में 5, बिहार में मात्र 4 सीटों पर मतदान हुआ है। इस बार का लोकसभा का चुनाव सात चरणों में हो रहा है। कई राज्यों में तीन से पांच चरण में मतदान होना है। चुनाव आयोग ने इतना लंबा चुनाव कार्यक्रम क्यों बनाया, इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। इस बार प्रधानमंत्री सबसे ज्यादा चुनावी सभा और रैली कर रहे हैं। 1 दिन में तीन स्थानों पर या तीन राज्यों में जाकर प्रधानमंत्री का यह चुनाव प्रचार चर्चाओं में है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1533: कैथोलिक चर्च ने इंग्लैंड नरेश हेनरी अष्टम और अरागान की कैथरीन का विवाह अवैध करार दिया. 1564: विलियम शेक्सपियर का जन्म हुआ. 1774: ब्रिटिश कमांडर कर्नल चैयरमैन के नेतृत्व में अंग्रेजों ने रूलखंड पर कब्जा किया. 1873: उत्तर पश्चिम सुमात्र में आशिन के सुलतान और डच फौजों में युद्ध भड़का. 1895: चीन का कुछ भाग जापान को दिए जाने पर रूस, फ्रांस और जर्मनी ने विरोध दर्ज किया. 1904: अमेरिका ने फ्रांस के पनामा नहर कंपनी की सम्पति अपने कब्जे में ले ली. 1935: नौ वर्ष तक विचार-विर्मश करने के बाद पोलैंड का संविधान स्वीकार किया गया. 1965: फ्रांस ने दक्षिण पूर्व एशिया संधि संगठन से अपने नौ सैनिक बेड़े को हटा लिया. 1972 अपोलो-१६ अंतरिक्ष यात्रियों ने चांद से धरती की वापसी यात्रा शुरू की.

## दैनिक पंचांग

**23 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.47 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 08.46 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | कर्क | 10.59 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.15 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.27 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.38 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.52 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.08 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.14 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 02.00 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मीन | 03.33 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 05.03 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 114 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 05.19 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा 22.32 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 04.56 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** विष्टि 16.26 बजे तदनन्तर बव 05.19 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 37' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871958 **जूलियन दिन** 2460423.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 13 **विशेष** हनुमान जयंती, चैत्र पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




## विकसित भारत बनाने की स्पष्ट रूपरेखा है

# भाजपा का संकल्प पत्र

**संकल्प पत्र में नीतिगत रूप से विरासत भी और विकास भी को ध्यान में रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिन चार जातियों युवा, गरीब, किसान और नारी शक्ति की बात करते हैं यह संकल्प पत्र उन्हीं चार जातियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। संकल्प पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इन चार जातियों के लिए जो योजनाएं चलायी जा रही थीं उन सभी योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। बुजुर्गों के प्रति भी यह संकल्प पत्र संवेदनशील है। भाजपा के संकल्प पत्र-2024 में सभी के लिए अवसरों की मात्रा और गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनावी भाषणों में कह रहे हैं कि, विगत दस वर्षों में हमने जो कार्य किये हैं वह तो मात्र एक ट्रेलर है पूरी पिक्चर तो अभी बाकी है संकल्प पत्र इसकी बानगी है।**

**(मृत्युंजय दीक्षित)**

भाजपा के संकल्प पत्र- 2024 में जिन बातों की गारंटी ली गई है उसमें अगले पांच वर्षो में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रमुख हैं। पांच वर्षों तक सभी राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन तथा पानी के साथ ही अब पाइप लाइन के सहारे बेहद सस्ती व गुणवत्ता से युक्त रसोई गैस देने का भी संकल्प लिया गया है।

भारतीय जनता पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनावों के लिए 78 पृष्ठों का संकल्प पत्र जारी कर दिया है। प्रथम दृष्ट्या यह संकल्प पत्र विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और सशक्त भारत की रूपरेखा है। संकल्प पत्र में भाजपा ने अपनी सरकार के पिछले दस वर्षो की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की चर्चा करने के साथ ही आगामी पांच वर्षों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी की 24 गारंटियों पर विहंगम दृष्टिकोण प्रस्तुत कर दिया है। संकल्प प्रस्तुत करते समय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि, जो हम कहते हैं वह हम करते हैं। भाजपा का संकल्प पत्र गहन शोध तथा संकल्पों पर अमल करने के व्यापक चिंतन तथा जन सामान्य और कार्यकर्ताओं से प्राप्त 15 लाख सुझावों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है।

2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार आने के बाद भाजपा अपने महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक संकल्पों को एक के बाद एक पूरा कर रही है। अयोध्या में दिव्य भव्य एवं नव्य राम मंदिर का निर्माण और उसमें भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। अयोध्या विश्व के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर तीव्रता के साथ उभर रहा है और सनातन का वैश्विक उभार हो रहा है। यही नहीं विगत दस वर्षों में सनातन हिंदू आस्था के सभी केंद्रों का तीर्थाटन के दृष्टिकोण से विकास हो रहा है जिसे आगामी कार्यकाल में और तीव्र किये जाने पर बल दिया गया है। जनसंघ के समय से किया गया भाजपा का जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का वादा भी पूरा हो चुका है और वहां विकास की नयी गाथा लिखी जा रही है। महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हो चुका है। पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में सताए गए अल्पसंख्यक शरणार्थियों हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी व ईसाईओं को नागरिकता प्रदान करके वाला सीएए भी लागू कर दिया है।

संकल्प पत्र में नीतिगत रूप से विरासत भी और विकास भी को ध्यान में रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिन चार जातियों युवा, गरीब, किसान और नारी शक्ति की बात करते हैं यह संकल्प पत्र उन्हीं चार जातियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। संकल्प पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इन चार जातियों के लिए जो योजनाएं चलायी जा रही थीं उन सभी योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। बुजुर्गों के प्रति भी यह संकल्प पत्र संवेदनशील है । भाजपा के संकल्प पत्र- 2024 में सभी के लिए अवसरों की मात्रा और गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनावी भाषणों में कह रहे हैं कि, विगत दस वर्षों में हमने जो कार्य किये हैं वह तो मात्र एक ट्रेलर है पूरी पिक्चर तो अभी बाकी है संकल्प पत्र इसकी बानगी है।

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भगवान राम के भव्य दिव्य मंदिर का उल्लेख करने के साथ ही विश्व भर में रामायण उत्सव मनाने तथा भगवान राम की मूर्त और अमूर्त विरासत को बढ़ावा देने वाले विश्व




के सभी देशों को सहयोग देने का संकल्प किया है। विश्व भर के लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या आ रहे हैं। अतः भाजपा सत्ता में वापस आने पर अयोध्या के वृहद विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने भारतीय पांडुलिपियों व पुरालेखों का डिजिटलीकरण मिशन मोड मे जारी रखने का भी संकल्प लिया है। संकल्प पत्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधापूर्ण तीर्थयात्रा का वादा कर समझाने का प्रयास किया गया है कि आस्था का सम्मान किया जाएगा। स्वाभाविक है कि तीर्थस्थलों के विस्तार की बात हो या नागरिकों को तीर्थ सम्बन्धी सुविधा मिलने अथवा तीर्थस्थलों पर रोजगार के नये अवसर मिलने इसका लाभ जन सामान्य को ही होगा।



भाजपा के संकल्प पत्र- 2024 में जिन बातों की गारंटी ली गई है उसमें अगले पांच वर्षो में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रमुख हैं। पांच वर्षों तक सभी राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन तथा पानी के साथ ही अब पाइप लाइन के सहारे बेहद सस्ती व गुणवत्ता से युक्त रसोई गैस देने का भी संकल्प लिया गया है। संकल्प पत्र मे गारंटी दी गई है कि मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर दिए जाएंगे व पीएम आवास योजना का विस्तार किया जाएगा जिसमें दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संकल्प पत्र में युवाओं के लिए नयी राष्टीय शिक्षा नीति लागू करने की बात कही गयी है। 2014 से जब से प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आयी है तभी से खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गयी हैं जिनका व्यापक प्रभाव राष्टमंडल खेलों से लेकर एशियाई खेलों, ओलम्पिक तथा अन्य अंतरराष्टीय स्पर्धा मंचों पर दिखाई दिया है, इस दिशा में आगे बढ़ते हुए संकल्प पत्र में कहा गया है कि अब हम 2036 में ओलम्पिक खेलों की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं। युवाओं के लिए इंफ्रास्टक्चर, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेलों के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसर बढ़ाने पर बल दिया गया है।

तीव्र गति की इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए के लिए 5 जी और 6 जी तकनीक पर लगातार काम किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं के व्यापक पैमाने पर डिजिटलीकरण पर बल दिया गया हैं। नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत भी केंद्र सरकार ने विभिन्न कार्य किए हैं जिसके कारण नारी शक्ति कई क्षेत्रो में देश और समाज का नेतृत्व कर रही है।भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में नारी तू नारायणी के अंतर्गत 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। यह लखपति दीदी कृषि क्षेत्र के लिए विशेष उपयोगी साबित होंगी। भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तय सीमा के अंतर्गत लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है। वहीं महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस पर विशेष ध्यान देने की बात है।

समान नागरिक संहिता-

भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र में देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने तथा एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए मोदी सरकार कुछ कदम उठा भी चुकी हैं जिसके अंतर्गत चार केंद्रीय मंत्रियों की एक टीम का गठन किया गया है जो विधि आयोग के साथ विचार विमर्श भी कर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई अवसरों समान नागरिक संहिता पर अपने विचार स्पष्ट कर चुके हैं।मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की बहस और लागू करने के संकल्प का लाभ भाजपा को विधानसभा चुनावों में मिल चुका है।अब इसे राष्टीय स्तर पर लागू करने का संकल्प लिया गया है।

### एक देश एक चुनाव व्यवस्था

संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था पर आगे बढ़ने की बात कही गई है। इस विषय पर पूर्व राष्टपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट राष्टपति के समक्ष पहुंच गई है। एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था लागू करने के लिए ही अबकी बार 400 पार का नारा जोरदार ढंग से दिया जा रहा है। भाजपा के संकल्प पत्र पर पार्टी का कहना है कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है। भाजपा का संकल्प पत्र राजनैतिक शुचिता को स्थापित करने वाला है। भाजपा का संकल्प पत्र पंथ, जाति, क्षेत्र किसी भी आधार पर किसी का भी तुष्टिकरण नहीं कर रहा है अपितु यह जन जन को संतुष्टि प्रदान करने वाला है। यह संकल्प पत्र गरीबों की सेवा करने की गारंटी वाला संकल्प पत्र है। विगत दस वर्षों में गरीब कल्याण के लिए, बुजुर्गों के कल्याण के लिए, दिव्यांगजन के कल्याण के लिए, श्रमिक कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये गये जिनका अब विस्तार किया जाएगा। संकल्प पत्र की सबसे बड़ी गारंटी यह है कि 2024 में तीसरी बार वापस आने के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी।

# सत्ता संग्राम में सितारों का सिलसिला

**दरअसल, यही सवाल सितारों और उन्हें राजनीति में लाने वाले दलों को कठघरे में खड़ा करता है और यह धारणा बनती है कि दोनों ही लोकप्रियता को शॉर्टकट की तरह इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को छलते हैं। अपने-अपने क्षेत्र में इन सितारों ने जो सफलता हासिल की है, उससे इनके बड़ी संख्या में प्रशंसक बन ही जाते हैं, जो प्रशंसक इनकी एक झलक पाने को बेताब रहते हैं, वे चुनाव लड़ने पर इनके लिए वोट न करें, यह कैसे संभव है? मगर एक बार जीत गए, तो ज्यादातर सितारे चुनाव क्षेत्र के लिए भी ईद के चांद बन जाते हैं। आपको याद होगा कि हैदराबाद के मूल निवासी, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने मुरादाबाद से लोकसभा चुनाव लड़वाया। जीत भी गए, पर उन्होंने लोगों के लिए क्या किया?**



**(राज कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार)**

चुनावी राजनीति जनसंपर्क से जब रोड शो बन जाए, तो तरह-तरह के सितारों, यानी सेलिब्रिटीज की दरकार होगी ही। दशकों पुराने निष्ठावान नेताओं को पीछे छोड़कर ये सितारे टिकट की बाजी मार ले जाते हैं। इनके स्टारडम का जादू जनता के सिर चढ़कर बोलता है और ये चुनाव जीतकर संसद-विधानसभा में पहुंच जाते हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव भी अपवाद नहीं है, बल्कि हो सकता है कि इस बार चुनावी रण में सितारों की संख्या और भी ज्यादा हो जाए। भारत का संविधान हर नागरिक को चुनाव लड़ने का अधिकार देता है, पर वैसा करने वालों से यह अपेक्षा अनुचित तो नहीं कि वह जनता और उसकी समस्याओं को समझते हुए राजनीति को गंभीरता से लें। बेशक सुनील दत्त सरीखे कुछ सितारे राजनीति में भी मिसाल साबित हुए, पर ज्यादातर हिंदी क्षेत्र के सितारे इसे भी चमक-दमक का ही खेल मान लेते हैं।

ताजा उदाहरण मेरठ से प्रत्याशी अरुण गोविल का है। चुनाव प्रचार में एक पत्रकार ने जब उनसे क्षेत्र के मुद्दों की बाबत सवाल पूछा, तो बोले, पहले चुनाव हो जाए, फिर लोगों से बात करके समझेंगे। वैसे, वह मेरठ के ही मूल निवासी हैं। वह अच्छे नेता या अपवाद साबित हो सकते हैं, पर हिंदी पट्टी के मतदाताओं का अनुभव स्टारडम वाले जन-प्रतिनिधियों के साथ अच्छा नहीं रहा है। यही कारण है कि अक्सर अगले चुनाव में राजनीतिक दलों को अपने सितारों का विकल्प ढूंढ़ना पड़ जाता है। जैसे, इस बार पंजाब की गुरदासपुर सीट पर सनी देओल का ढूंढ़ना पड़ा या इसके पहले उनके पिता धर्मेंद्र का बीकानेर में ढूंढ़ना पड़ा था। दोनों के ही क्षेत्र में 'गुमशुदा सांसद' के पोस्टर लगने की नौबत आ गई थी। वैसे इसी परिवार की सदस्य हेमा मालिनी मथुरा से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं। गिनती के लिहाज से तो शत्रुघ्न सिन्हा भी पीछे



**विडंबना यह है कि ऐसे तमाम सितारों का संसद-विधानसभाओं में भी प्रदर्शन प्राय-निराशाजनक रहता है। 17 वीं लोकसभा के कामकाज के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि ज्यादातर सितारे उपस्थिति से लेकर प्रश्न पूछने और चर्चा में भाग लेने तक हर कसौटी पर फिसड्डी ही साबित हुए।**

नहीं, मगर भाजपा से शुरू कर कांग्रेस से होते हुए वह तृणमूल कांग्रेस में पहुंच गए हैं। राजनीतिक सीढ़ियां चढ़ने के लिए दलबदल का सहारा लेने वाले शत्रुघ्न सिन्हा अकेले नहीं हैं। दिल्ली से फिर चुनाव लड़ रहे भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी ने भी समाजवादी पार्टी से शुरुआत की थी। राज बब्बर भी सपा से ही कांग्रेस में आए।

भारत में राजनीति और सितारों के रिश्ते की शुरुआत 1960 के दशक से मानी जा सकती है, जब पृथ्वीराज कपूर को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। दरअसल राज्यसभा में मनोनीत सदस्यों की श्रेणी है ही ऐसे नामचीन लोगों के लिए, जिन्होंने अपने पेशेवर क्षेत्र में देश और समाज के लिए विशिष्ट योगदान दिया है, पर बाद के दशकों में लोकप्रियता भुनाने की सोच ऐसी हावी हुई कि मौके तलाशे जाने लगे। इस तलाश में विचारधारा या छवि भी बाधक नहीं बनी। मसलन, जिस रामायण सीरियल के राम अरुण गोविल अब चुनाव लड़ रहे हैं, उसी सीरियल में सीता और रावण की भूमिका निभाने वाले दीपिका चिखलिया और अरविंद त्रिवेदी को भी भाजपा 1991 में गुजरात से लोकसभा भेज चुकी है। भाजपा ने महाभारत सीरियल के कृष्ण नीतीश भारद्वाज को भी संसद भेजा था, पर इनमें से कोई भी अपनी खास राजनीतिक पहचान और समर्थक वर्ग नहीं बना पाया।

दरअसल, यही सवाल सितारों और उन्हें राजनीति में लाने वाले दलों को कठघरे में खड़ा करता है और यह धारणा बनती है कि दोनों ही लोकप्रियता को शॉर्टकट की तरह इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को छलते हैं। अपने-अपने क्षेत्र में इन सितारों ने जो सफलता हासिल की है, उससे इनके बड़ी संख्या में प्रशंसक बन ही जाते हैं, जो प्रशंसक इनकी एक झलक पाने को बेताब रहते हैं, वे चुनाव लड़ने पर इनके लिए वोट न करें, यह कैसे संभव है? मगर एक बार जीत गए, तो ज्यादातर सितारे चुनाव क्षेत्र के लिए भी ईद के चांद बन जाते हैं। आपको याद होगा कि हैदराबाद के मूल निवासी, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने मुरादाबाद से लोकसभा चुनाव लड़वाया। जीत भी गए, पर उन्होंने लोगों के लिए क्या किया? पिछली बार दिल्ली से सांसद चुने गए गौतम गंभीर को यह एहसास करने में पांच साल लग गए कि वह क्रिकेट पर फोकस करना चाहते हैं। इतना ही समय गोविंदा को लग गया था, पर वह फिर भी दौड़ में आने को बेताब हैं। पहले पंजाब से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव हार चुके हंसराज हंस को 2019 में दिल्ली से टिकट दिया गया, तो इस बार पंजाब भेजना पड़ गया।

विडंबना यह है कि ऐसे तमाम सितारों का संसद-विधानसभाओं में भी प्रदर्शन प्राय- निराशाजनक रहता है। 17 वीं लोकसभा के कामकाज के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि ज्यादातर सितारे उपस्थिति से लेकर प्रश्न पूछने और चर्चा में भाग लेने तक हर कसौटी पर फिसड्डी ही साबित हुए। शत्रुघ्न सिन्हा और सनी देओल के डॉयलॉग उनके किरदार से भी ज्यादा लोकप्रिय हुए, पर 17वीं लोकसभा में इन दोनों ने एक भी प्रश्न नहीं पूछा। सनी देओल की तो उपस्थिति भी मात्र 18 प्रतिशत रही। मानो लोकसभा में भी गेस्ट एपीयरेंस दे रहे हों। अमिताभ



# हनुमान जयंती के दिन बन रहे हैं कई शुभ योग

**हनुमान जयंती 2024 में 23 अप्रैल को है। पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को अंजनी पुत्र हनुमान जी का जन्म हुआ था। हनुमान जी को सात चिरंजीवियों में से एक माना जाता है, यानि वो कलयुग में भी जीवित हैं। बल, बुद्धि और विद्या देने वाले हनुमान जी की जयंती के दिन अगर आप कुछ उपाय करते हैं तो आपकी सारी परेशानियों का अंत हो सकता है। आज इन्हीं उपायों के बारे में हम आपको अपने लेख में जानकारी देंगे।**

## हनुमान जयंती पर शुभ योग

इस साल हनुमान जयंती के दिन मंगलवार है, मान्यताओं के अनुसार जिस दिन बजरंगबली का जन्म हुआ था उस दिन भी मंगलवार था। इसके साथ ही जिस चित्रा नक्षत्र में हनुमान जी का जन्म हुआ था ये नक्षत्र भी हनुमान जयंती के दिन रहेगा और वज्र नामक योग भी इस दिन होगा। मंगल ग्रह भी इस दिन अपने मित्र की राशि मीन में प्रवेश करेंगे। इन शुभ योगों में क्या उपाय आपको लाभ दिला सकते हैं आइए इस बारे में जानते हैं।

## हनुमान जयंती के उपाय

हनुमान जयंती के दिन किसी हनुमान मंदिर में जाकर आपको मीठे पान का बीड़ा और सिंदूर अर्पित करना चाहिए। यह उपाय आपके सभी संकटों को दूर कर सकता है। इस उपाय को करने के बाद हनुमान चालसी का आपको कम-से-कम 108 बार जप करना चाहिए।

- आर्थिक तंगी और करियर से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए हनुमान जयंती के दिन घर के मंदिर में तेल का दीपक जलाएं और उसके बाद दो लौंग उसमें डाल दें। इसके बाद श्रद्धापूर्वक हनुमान जी की अर्चना करें। आपके करियर और धन से जुड़ी समस्याएं दूर हो सकती हैं।
- अगर किसी कानूनी मामले में आप फंसे हैं या कहीं कोई सरकारी कार्य अटका हुआ है तो हनुमान जयंती के दिन लाल चोला हनुमान जी को अर्पित आपको करना चाहिए। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।
- इस दिन हनुमान चालीसा का पाठ करने से शनि दोष और मंगल दोष से भी मुक्ति मिलती है। यथा संभव जरूरतमंद लोगों की सहायता करने से भी आप बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।
- जीवन में आ रही किसी भी समस्या को दूर करने के लिए या फिर अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए आपको 11 पीपल के पत्तों पर जय श्री राम लिखकर किसी हनुमान मंदिर में रखकर आ जाना चाहिए। याद रखें कि इन पत्तों को हनुमान जी के पैरों में न रखें। ये उपाय करके आपकी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं, साथ ही जिस समस्या के कारण आप परेशान हैं वो भी दूर हो सकती है।
- किसी विशेष फल की प्राप्ति करना चाहते हैं तो बजरंगबाण का पाठ आप हनुमान जयंती के दिन कर सकते हैं।
- ऐसा माना जाता है कि हनुमान जयंती के दिन हनुमान चालीसा का 108 बार जप करने से आपके अंदर की नकारात्मकता दूर होती है और आपका आत्मविश्वास बढ़ता है।




# विशेष फल प्रदान करती है हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी अराधना

**चैत्र पूर्णिमा पर भगवान शिव के ग्यारहवें अवतार हनुमान का जन्म हुआ था और यह दिन हनुमान जयंती के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार हनुमान जयंती वर्ष में दो बार मनाई जाती है, पहली चैत्र मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन और दूसरी कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी को।**

शास्त्रों के मुताबिक मंगलवार और शनिवार हनुमान जी का दिन होता है और उस दिन उनकी अराधना का साधक को विशेष लाभ होता है। लेकिन ऐसी मान्यता है कि हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी से जुड़ी कोई भी अराधना साधक या भक्त को अति विशेष फल प्रदान करती है। इस दिन अगर आप किसी भी भगवान हनुमान के मंदिर में संपूर्ण चोला चढ़ाते हैं तो उसका भी खास लाभ होता है। आइए जानते हैं हनुमान जयंती के दिन किन तीन उपायों का आपको विशेष लाभ प्राप्त हो सकता है। अक्सर देखा जाता है कि हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाया जाता है और कई लोग मन्नत पूरी होने के बाद भी हनुमानजी पर सिंदूर चढ़ाते हैं।



## सिंदूर का लेप

भगवान हनुमान को सिंदूर अर्पित किया जाता है। उनका चोला हर मंगलवार और शनिवार को बदला जाता है। लेकिन इससे पहले उनकी प्रतिमा पर सिंदूरी लेप किया जाता है। गौर हो कि सिंदूर असीम ऊर्जा का प्रतीक है। इससे जीवन में सकारात्मकता आती है। हनुमान जी को सिंदूर का चोला चढ़ाने से एवं मूर्ति का स्पर्श करने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस दिन आप सुबह ही अपने घर के नजदीक किसी भी हनुमान मंदिर में पहुंच जाएं। पंडित जी जो सिंदूर हनुमान जी को लेप करने के लिए बना रहे हों आप उसमें उनसे अनुरोध कर सहयोग करें। अगर आप खुद सिंदूर बनाकर लेप करने में पंडित जी का सहयोग करें तो यह बेहद उत्तम है। ऐसा करने से आपको हनुमान जी का विशेष आशीष प्राप्त होगा। इसके बाद आप निम्नलिखित मंत्र का उच्चारण करते हुए चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर या सीधे प्रतिमा पर हल्का सा देसी घी लगाकर उस पर सिंदूर का चोला चढ़ा दें-

*सिन्दूरं रक्तवर्णं च*
*सिन्दूरतिलकप्रिये।*
*भक्तयां दत्तं मया देव सिन्दूरं*
*प्रतिगृह्यताम।।*

लेपन और चोला चढ़ाने के बाद आप पंडित जी से तिलक जरूर लगवाएं।

## हनुमान चालीसा का पाठ

हनुमान चालीसा का पाठ कलिकाल में बेहद कल्याणकारी माना गया है। इसका पाठ बेहद सरल होता है। कहा जाता है कि इसकी हर चौपाई में असीम शक्ति छिपी है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करता है उसकी हर मनोकामना हनुमान जी पूरी करते हैं। शास्त्रों के मुताबिक जब कभी भी आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़े तो मन में हनुमान जी का ध्यान करके हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दीजिए। आपको काफी कम समय में सुखद परिणाम दिखना शुरू हो जाएगा। ऐसा करने से जल्द ही आर्थिक चिंताएं दूर हो जाएगी। अगर यह क्रम मंगलवार से शुरू करें तो बेहतर रहेगा और ध्यान रहें इसका पाठ किसी भी दिन छोड़ें नहीं। यह भी कहा जाता है कि जो व्यक्ति नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करता है उसके आस-पास नकारात्मक शक्तियां नहीं आती हैं और वह आत्म विश्वास और उर्जा से परिपूर्ण हो जाता है। हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने वाले व्यक्ति का मनोबल बढ़ जाता है और उसे किसी भी तरह का भय नहीं रहता है। हनुमान चालीसा के पाठ से मानसिक शांति मिलती है। जो लोग अक्सर बीमार रहते हैं या काफी उपचार के बाद भी जिनका रोग दूर नहीं होता उन्हें नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। जानकारों के मुताबिक हनुमान जयंती के दिन हनुमान चालीसा का पांच या 11 बार पाठ से आपको विशेष फल प्राप्त होता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। हनुमान जी की कृपा पाने के लिए छात्रों को नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। छात्र जीवन में चालीसा का पाठ करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है और शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी मिलती है।

## हनुमानजी को किसने दिया था चिरंजीवी रहने का वरदान?

हनुमानजी को चिरंजीवी माना जाता है यानी की अजर अमर। वे आज भी सशरीर मौजूद हैं। आखिर उन्हें कलियुग के अंत तक या कि एक कल्प तक शरीर में ही रहकर धरती पर रहने का वरदान किसने दिया था। आओ जानते हैं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार लंका पर विजय प्राप्त करके जब प्रभु श्री राम अयोध्या लौट रहे थे। तब उन्होंने उन लोगों को उपहार दिए जिन्होंने रावण के साथ युद्ध में उनका साथ दिया था। इसमें विभीषण, अंगद और सुग्रीव शामिल थे। तभी हनुमान जी भगवान श्रीराम से याचना करते हैं कि -'यावद् रामकथा वीर चरिष्यति महीतले। तावच्छरीरे वत्स्युन्तु प्राणामम न संशयः।।
अर्थात : 'हे वीर श्रीराम! इस पृथ्वी पर जब तक रामकथा प्रचलित रहे, तब तक निस्संदेह मेरे प्राण इस शरीर में बसे रहें।'



यह सुनकर श्रीराम ने आशीर्वाद देते हुए कहा- 'एवमेत कपिश्रेष्ठ भविता नात्र संशयः। चरिष्यति कथा यावदेषा लोके च मामिका ताव ते भविता कीर्तिः शरीरे प्यवस्तथा। लोकाहि यावत्स्थास्यन्ति तावतस्थास्यन्ति में कथा।।
'अर्थात : 'हे कपि श्रेष्ठ, ऐसा ही होगा, इसमें संदेह नहीं है। इस संसार में जब तक मेरी कथा प्रचलित रहेगी, तब तक तुम्हारी कीर्तिं अमिट रहेगी और तुम्हारे शरीर में प्राण भी रहेंगे ही। जब तक ये लोक बने रहेंगे, तब तक मेरी कथाएं भी स्थिर रहेंगी। यह भी कहा जाता है कि माता सीता को जब हनुमानजी ने अंगुठी दी थी तब माता सीता ने हनुमानजी को चिरंजीवी होने का वरदान दिया था। भगवान इंद्र ने उन्हें इच्छामृत्यु का वरदान दिया था।



# हनुमान जन्मोत्सव पर घर में इस विधि से करें बजरंगबली की पूजा

हर साल चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है। पूरे भारत में हनुमान जयंती को बड़े उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस साल हनुमान जयंती 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन मनाई जाएगी। हालांकि, हनुमान जयंती को हनुमान जन्मोत्सव कहना ज्यादा उचित रहेगा क्योंकि मान्यता है कि बजरंगबली आज भी धरती पर सशरीर मौजूद हैं। वह आज भी सभी के संकटों का निवारण करते हैं इसलिए उन्हें संकटमोचन के नाम से जाना जाता है। इस दिन बजरंगबली के भक्त उनकी पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिरों में कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम भी किए जाते हैं। अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए इस दौरान कई उपाय भी किए जाते हैं। इन उपायों को करने से आरोग्य और लाभ की प्राप्ति होती है। साथ ही नकारात्मक शक्तियां भी दूर हो जाती है। यदि आप हनुमान जन्मोत्सव के दिन मंदिर जाकर हनुमान जी की पूजा करने में असमर्थ हैं, तो घर पर भी आप कुछ नियमों का पालन कर के उनकी पूजा कर सकते हैं। आइए उस विधि को जान लेते हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पूजा मुहूर्त

हनुमान जन्मोत्सव या जयंती पर ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 04 बजकर 20 मिनट से 05 बजकर 04 मिनट तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 53 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक है। इसके अलावा हनुमान जी की पूजा का मुहूर्त सुबह 09 बजकर 03 मिनट से 10 बजकर 41 मिनट तक है।

## घर पर ऐसे करें पूजा

- हनुमान जन्मोत्सव के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान-ध्यान करें।
- इसके बाद साफ वस्त्र धारण करें और सूर्यदेव को अर्घ्य दें
- फिर एक चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं। फिर उसपर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करें।
- हनुमान जी की प्रतिमा पर सिंदूर, अक्षत, फूल अर्पित करें।
- इस दौरान बेसन के लड्डू या बूंदी का प्रसाद रख सकते हैं, क्योंकि यह उन्हे अधिक प्रिय है।
- इसके बाद आसन पर बैठकर 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- पाठ के बाद हनुमान जी की आरती जरूर करें।
- हनुमान जन्मोत्सव के दिन श्री राम जी की पूजा अवश्य करें।


## भूलकर भी न करें ये काम

हनुमान जन्मोत्सव के दिन भूलकर भी मांस-मदिरा का सेवन ना करें। इस दिन क्रोध करने से बचना चाहिए। इसके अलावा हनुमान जन्मोत्सव के दिन बाल कटवाने की भी मनाही है। साथ ही किसी का अपमान भी ना करें अन्यथा अशुभ परिणामों को झेलना पड़ सकता है।

# बजरंगबली अवतरण दिवस पर 7 शुभ प्रसाद का भोग लगाएं

**23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए उन्हें तरह तरह के भोग लगाए जाते हैं। जानते हैं उन्हीं में से उनके प्रिय 7 भोग।**

- **गुड़-चना** : हनुमानजी को गुड़ और चने का प्रसाद तो अक्सर चढ़ाया ही जाता है। यह मंगल का उपाय भी है। इससे मंगल दोष मिटता है। यदि आप कुछ भी चढ़ाने की क्षमता नहीं रखते या किसी और कारण से चढ़ा नहीं पाते हैं तो सिर्फ गुड़ और चना ही चढ़ाकर हनुमानजी को प्रसन्न कर सकते हैं। हर मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी को गुड़ और चने का भोग लगाएं। इससे आपकी सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी। हालांकि आजकल गुड़ की जगह चिरौंजी ज्यादा मिलती है लेकिन चने के साथ गुड़ का ही संयोग होता है।
- **इमरती** : इमरती का भोग लगाने से संकटमोचन अत्यंत प्रसन्न होते हैं। आपकी जो भी मनोकामनाएं हैं, वे पूर्ण हो जाएंगी। बस, मंगलवार के दिन हनुमानजी को इमरती चढ़ा आएं।
- **लड्डू** : हनुमानजी को 3 तरह के लड्डू पसंद हैं- एक केसरिया बूंदी लड्डू, दूसरा बेसन के लड्डू और तीसरा मलाई-मिश्री के लड्डू। इसमें बेसन के लड्डू उन्हें खास पसंद हैं। लड्डू चढ़ाने से हनुमानजी भक्तों को दे देते हैं मनचाहा वरदान और उसकी मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। लड्डू चढ़ाने से पापी ग्रह भी काबू में रहते हैं।
- **केसर-भात** : उज्जैन में मंगलनाथ पर केसर-भात से मंगल की शांति होती है। हनुमानजी को भी केसर-भात का भोग लगाया जाता है। इससे हनुमानजी बहुत जल्द प्रसन्न होते हैं। कोई व्यक्ति 5 मंगलवार हनुमानजी को यह नैवेद्य लगाता है, तो उसके हर तरह के संकटों का समाधान होता है।
- **रोट या रोठ** : ऐसी मान्यता है कि अगर हनुमानजी को मंगलवार के दिन रोट या मीठा रोटी का भोग लगाया जाता है तो मनवांछित फल मिलता है। गेहूं के आटे में गुड़, इलायची, नारियल का बूरा, घी, दूध आदि मिलाकर रोट बनाया जाता है। कुछ जगह इसे सेंककर रोटी जैसा बनाकर भोग लगाते हैं और कुछ जगह इसे पूरियों की तरह तलकर इसका भोग लगाते हैं। यह रोट हनुमानजी को बहुत प्रिय है।
- **पान का बीड़ा** : आपने सुनी होगी एक प्रचलित लोकोक्ति 'बीड़ा उठाना'। इसका अर्थ होता है- कोई महत्वपूर्ण या जोखिमभरा काम करने का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेना। यदि आपके जीवन में कोई घोर संकट है या ऐसा काम है जिसे करना आपके बस का नहीं है, तो आप अपनी जिम्मेदारी हनुमानजी को सौंप दें। इसके लिए आप मंगलवार के दिन किसी मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद उन्हें पान का बीड़ा अर्पित करें। रसीला बनारसी पान चढ़ाकर मांग लीजिए मनचाहा वरदान।
- **पंच मेवा** : काजू, बादाम, किशमिश, छुआरा, खोपरागिट पंचमेवा के नाम से जाने जाते हैं। इसका भी हनुमानजी को भोग लगता है।



## संक्षिप्त समाचार

### औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ रही सोने-चांदी की कीमतों में आज ब्रेक लगा है। सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,150 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 82,350 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज यानी सोमवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 656 रुपए की गिरावट के साथ 72,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने में आज सुबह से गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 668 रुपए सस्ता होकर 72,093 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। एमसीएक्स पर आज 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 1286 रुपए की गिरावट के साथ 82,221 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 1196 रुपए सस्ती होकर 83,950 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 1.30 फीसदी या 31.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,382.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय तेजी के साथ 2,368.48 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 2.69 फीसदी या 0.78 डॉलर की गिरावट के साथ 28.35 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 27.90 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है।

### मॉरीशस से कर संधि में बदलाव के बीच ईपीआई ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ से अधिक निकाले




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपए से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए गए निवेश की अधिक पड़ताल करेगा। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले मार्च में 35,098 करोड़ रुपए और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है।

# फेल होने के बाद करने लगे थे मजदूरी, एक टीचर ने बदली किस्मत, आज 500 करोड़ की कंपनी के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेडी टु कुक इडली और डोसा बैटर बनाने वाली कंपनी आईडी फ्रेश फूड का बिजनस भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी फैला है। कंपनी का एक तिहाई रेवेन्यू यूएई से आता है। कंपनी ने वहां बिजनस शुरू करने के बाद छह महीने में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली थी। कंपनी अब अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर में भी अपने प्रॉडक्ट लॉन्च करने की तैयारी में है। इस कंपनी की स्थापना मुस्तफा पीसी ने की थी जिनका जन्म केरल के दूरदराज के एक गांव में हुआ था। उनके पिता एक दिहाड़ी मजदूर थे लेकिन शिक्षा के महत्व को अच्छी तरह जानते थे। मुस्तफा ने छठी क्लास में फेल होने के बाद स्कूल जाना छोड़ दिया था और मजदूरी करने लगे थे। लेकिन एक स्कूल टीचर उनके लिए देवदूत बनकर आया। उसकी पहल पर मुस्तफा फिर से स्कूल जाने लगे। फिर उन्होंने पूरे मन से पढ़ाई की और जीवन में बड़ा मुकाम हासिल किया। आज उनकी कंपनी का रेवेन्यू 500 करोड़ रुपये है।



मुस्तफा ने कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में कहा कि एक शिक्षक ने उन्हें स्कूल लौटने के लिए मनाया और उन्हें मुफ्त में पढ़ाया। इस वजह से उन्होंने गणित में अपनी कक्षा में टॉप किया। फिर उन्होंने स्कूल टॉप किया। जब उनके कॉलेज जाने का समय आया, तो वहां भी टीचर्स ने उनकी मदद की। शिक्षकों ने ही उनकी फीस का भुगतान किया। उन्होंने कहा, मुझे पहली सैलरी 14,000 रुपये की मिली। जब मैंने यह पैसा पापा को दे दिया तो वह बहुत रोए। उन्होंने कहा कि तुमने मेरे पूरे जीवन की कमाई से ज्यादा कमाया है। इसके बाद मुस्तफा को विदेश में नौकरी मिली। उन्होंने दो महीने में ही पिता का 2 लाख रुपये का कर्ज उतार दिया। लेकिन अच्छी सैलरी के बावजूद वह वह अपना बिजनस शुरू करना चाहते थे।

## कैसे आया आइडिया

आईडी फ्रेश फूड का आइडिया उस समय आया जब उनके चचेरे भाई ने एक सप्लायर को एक सादे पाउच में इडली-डोसा बैटर बेचते हुए देखा। कस्टमर प्रॉडक्ट की क्वालिटी के बारे में शिकायत कर रहे थे। मुस्तफा के चचेरे भाई ने उन्हें क्वालिटी वाली बैटर कंपनी बनाने के विचार के साथ बुलाया। इस तरह शुरू हुई आईडी फ्रेश फूडफूड कंपनी। मुस्तफा ने साल 2005 में 50,000 रुपये के निवेश के साथ इस कंपनी की शुरुआती की। इसकी जिम्मेदारी अपने चचेरे भाइयों को सौंप दी। उन्होंने 50 वर्ग फुट के किचन में ग्राइंडर, मिक्सर और एक वेइंग मशीन के साथ शुरुआत की। इसे बेचने के लिए उनके पास एक सेकेंड हैंड स्कूटर था। मुस्तफा कहते हैं, हमें एक दिन में 100 पैकेट बेचने में 9 महीने से ज्यादा का समय लगा। उन्होंने कहा कि हमने इस दौरान बहुत सारी गलतियां कीं और उनसे सीखा। मुस्तफा कहते हैं, तीन साल बाद मुझे एहसास हुआ कि हमारी कंपनी को मेरी फुलटाइम जरूरत है। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और अपनी सारी बचत कंपनी में लगा दी। इस बात से उनके माता-पिता घबरा गए थे। लेकिन वह उन्हें यह भरोसा दिलाने में कामयाब रहे कि यदि बिजनस नाकाम हो गया तो वह फिर से नौकरी कर लेंगे। कई साल तक कंपनी ने संघर्ष किया और इस दौरान उसे काफी नुकसान भी हुआ। एक समय तो कंपनी अपने अपने कर्मचारियों को सैलरी देने की स्थिति में भी नहीं थी। मुस्तफा ने कहा, हमने अपने 25 कर्मचारियों से वादा किया था कि एक दिन हम उन्हें करोड़पति बनाएंगे। आखिरकार करीब एक दशक के संघर्ष के बाद कंपनी को निवेशक मिला और हमने अपना वादा पूरा कर दिया।

## किस बात का है अफसोस

आज कंपनी छह बैटर और पराठा मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट ऑपरेट कर रही है। इनमें से एक यूनिट यूएई में है। कंपनी दिन में 2.5 लाख किलो बैटर और 52,000 किलो डो बना सकता है। इससे 44 लाख इडली और नौ लाख मालाबार पराठा बनाए जा सकते हैं। कंपनी ई-कॉमर्स और 45 शहरों में फैले 35,000 ऑफलाइन रिटेल पार्टनर्स के जरिए ग्राहकों तक पहुंचती है। 2023 में कंपनी का रेवेन्यू 500 करोड़ रुपये से अधिक रहा। कंपनी का दावा है कि उसके सारे प्रॉडक्ट्स 100 परसेंट नेचुरल हैं। उनमें किसी भी तरह के केमिकल और प्रिजरवेटिव का यूज नहीं हुआ है।

लेकिन मुस्तफा को इस बात का अफसोस है कि वह अपनी सफलता को अपने बचपन के शिक्षक के साथ साझा नहीं कर सके। उन्होंने कहा, जब मैं घर लौटा, तो मुझे पता चला कि उनका निधन हो गया है। मैं चाहता था कि वो देखें कि एक मजदूर ने उनके कारण क्या हासिल किया है। 2018 में, मुस्तफा पीसी को प्रतिष्ठित हार्वर्ड में बोलने के लिए बुलाया गया था। मुस्तफा कहते हैं, मैंने पहले उन्हें उस शिक्षक के बारे में बताया, जिसने मुझे हार नहीं मानने दी। फिर अपने पिता के बारे में, जो अब भी अपने खेत में हर दिन पूरी मेहनत से काम करते हैं। इन लोगों ने मुझे सिखाया कि अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, तो एक मजदूर का बेटा भी एक मिलियन डॉलर की कंपनी बना सकता है।

# बढ़ सकती हैं तेल और एलएनजी की कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की।



संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं। वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसके जरिए जाता है। इसमें कतर और यूएई से लगभग सभी एलएनजी निर्यात शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस तरलीकृत प्राकृतिक गैस (स्न्हत्न) के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। भारत सऊदी अरब, इराक और यूएई से तेल के साथ ही एलएनजी का आयात इसी मार्ग से करता है।

# हांगकांग ने भारतीय मसालों की बिक्री पर लगाई रोक, उत्पादों में कीटनाशक मिलने का दावा

**हांगकांग एजेंसी।** हांगकांग की सरकार ने भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हांगकांग की सरकार का दावा है कि जांच में इन मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। हांगकांग सरकार ने मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले सिंगापुर की सरकार ने भी भारतीय मसाला ब्रांड्स पर रोक लगा दी थी।

हांगकांग के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी विभाग ने बताया है कि कई मसाला उत्पादों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला पाया गया है। हांगकांग की सरकार ने लोगों से इन उत्पादों का सेवन नहीं करने की अपील की है और साथ ही इन उत्पादों की बिक्री पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। जिन मसालों पर रोक लगाई गई है, उनमें एमडीएच का उत्पाद मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स मसाला पाउडर और करी पाउडर मिक्स मसाला और एवरेस्ट का उत्पाद फिश करी मसाला शामिल है। हांगकांग की सरकार ने इन उत्पादों के आयात पर रोक लगाने और तुरंत उन्हें दुकानों में बिक्री की जगह से हटाने के निर्देश के साथ ही पहले से मौजूद उत्पादों को वापस भेजने का निर्देश दिया था। हांगकांग सरकार के अधिकारियों ने रुटीन फूड सर्विलांस के दौरान तीन रिटेल दुकानों से इन मसालों के सैंपल लिए थे। इन सैंपल्स की जांच में ही इनमें कीटनाशक एथीलीन ऑक्साइड के होने का दावा किया गया। कैंसर पर रिसर्च करने वाली एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने बताया कि एथीलीन ऑक्साइड इंसानों में कैंसर का कारण बन सकता है। हांगकांग की सरकार ने बताया है कि उनके निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 50 हजार डॉलर का जुर्माना और छह महीने की जेल की सजा हो सकती है। हाल ही में सिंगापुर की फूड एजेंसी ने भी एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक होने का दावा करते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया था।




# एचआरए क्लेम के लिए आपके पैन का हुआ दुरुपयोग तो सतर्क हो जाइए, टैक्स डिपार्टमेंट की प्लानिंग दे सकती है टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपके पैन कार्ड का किसी और ने मकान किराया भत्ता का फायदा उठाने के लिए किया है तो इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। ये चिंता तब तक है, जब तक गलत पैन देने वाला शख्स अपना इनकम टैक्स रिटर्न अपडेट न करा ले। लेकिन टैक्स विभाग में अधिकारी आपकी बात सुनेंगे। हालांकि जानकारों के मुताबिक, अगर आपके साथ धोखा हुआ है तो आपको ये साबित करना होगा कि आपके पैन का गलत इस्तेमाल हुआ है। पिछले महीने, टाइम्स ऑफ इंडिया ने सबसे पहले बताया था कि इनकम टैक्स विभाग को करीब 8,000 से 10,000 मामले गलत पेन इस्तेमाल करने के मिले हैं। हालांकि, विभाग ने ये साफ किया है कि वो पुराने मामलों को दोबारा नहीं खोलेगा। अगर टैक्स विभाग को आपका शक होता है, तो वो आपको नोटिस भेज सकता है या किराए के बारे में पूछताछ कर सकता है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। विभाग जानता है कि पेन का गलत इस्तेमाल होता है। आपको सिर्फ जवाब देने में सहयोग करना चाहिए। आपको कुछ दस्तावेज़ दिखाने पड़ सकते हैं, जैसे बैंक स्टेटमेंट (किराया नहीं मिला) और हलफनामा (आप मकान मालिक नहीं)। आयकर विभाग ने कहा कि उसने इस बात पर जोर दिया कि ई-सत्यापन केवल वित्त वर्ष 2020-21 के लिए सूचना के बेमेल मामलों को सचेत करने के लिए किया गया था, ताकि अन्य मामलों को प्रभावित न किया जा सके।




## समय पर दें जवाब

विभाग ने इस मुद्दे या अपने रिटर्न संशोधित करने वाले करदाताओं की संख्या पर कोई टिप्पणी नहीं की। मेनस्टे टैक्स एडवाइजर्स के पार्टनर कुलदीप कुमार ने कहा, ÷हालांकि विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई विशेष अभियान नहीं है, लेकिन जिनके पैन का दुरुपयोग किया गया है, उन्हें अभी भी नोटिस या उनके किराये की आय के बारे में पूछताछ मिल सकती है, अगर ऐसे मकान मालिक कर अधिकारियों द्वारा एकत्र किए गए नमूने में दिखाई देते हैं। लेकिन उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि विभाग पैन के दुरुपयोग के मुद्दे से अवगत है, न कि मकान मालिकों के हाथों में जाने वाली किराये की आय की गहराई से जांच कर रहा है। हालांकि, करदाताओं को सहयोग करना चाहिए और असुविधा से बचने के लिए ऐसे नोटिस का उचित और समय पर जवाब देना चाहिए।÷

## देने पड़ सकते हैं दस्तावेज

जिस व्यक्ति के पैन का दुरुपयोग किया गया है, उसे कुछ अतिरिक्त दस्तावेज देने पड़ सकते हैं। लक्ष्मीकुमारन और श्रीधरन के पार्टनर एस श्रीराम ने कहा, जिन व्यक्तियों के पैन का दुरुपयोग एचआरए प्राप्त करने वाले व्यक्तियों द्वारा किया गया है, भले ही एचआरए प्राप्तकर्ता द्वारा पैन के गलत विवरण के आधार पर मूल्यांकन फिर से खोला गया हो, पैन धारक यह स्थापित कर सकता है कि उसे किराया नहीं मिल रहा है।

# प्रॉफिट में कंपनी, शेयर खरीदने की लूट, 385 पर आया भाव, मुकेश अंबानी की है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4 फीसदी चढ़ गए और 385 रुपये के नए हाई पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक का नया हाई प्राइस भी है। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के नतीजे है। दरअसल, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का नेट प्रॉफिट मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। कंपनी की आय 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली बढ़कर 418 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 414 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में इसका खर्च भी 99 करोड़ रुपये के मुकाबले मामूली बढ़कर 103 करोड़ रुपये हो गया। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2023-24 में कई गुना बढ़कर 1,605 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्तवर्ष में 31 करोड़ रुपये था। बता दें कि हाल ही में रिलायंस समूह की कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने संपत्ति प्रबंधन एवं ब्रोकिंग व्यवसाय स्थापित करने के लिए ब्लैकरॉक के साथ 50:50 साझेदारी वाले एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की थी। जियो फाइनेंशियल ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा था कि एक धन प्रबंधन कंपनी के निगमन और देश में एक ब्रोकरेज फर्म के गठन के उद्देश्य से कंपनी और ब्लैकरॉक के बीच 50:50 साझेदारी का संयुक्त उद्यम बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# भारत में पांच लाख लोगों को नौकरी देगी अमेरिका की यह दिग्गज कंपनी ऐपल!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल भारत में बड़े पैमाने पर बिजनस करने की तैयारी में है। कंपनी अपने वेंडर्स के जरिए अगले तीन साल में भारत में पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है। फिलहाल ऐपल के वेंडर्स और सप्लायर भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं। ऐपल के लिए दो प्लांट चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि ऐपल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रही है। एक पुराने अनुमान के अनुसार कंपनी अपने वेंडर्स और कंपोनेंट सप्लायर्स के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है।÷



इस संबंध में ऐपल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया। ऐपल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2023 में ऐपल रेवेन्यू के मामले में भारतीय बाजारम में सबसे आगे रही जबकि वॉल्यूम के लिहाज से दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग ने बाजी मारी। फर्म ने अपना हालिया रिपोर्ट में कहा कि ऐपल भारत में एक करोड़ यूनिट से ज्यादा आईफोन बना चुकी है और 2023 में पहली बार उसने रेवेन्यू के मामले में पहला स्थान हासिल किया। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में भारत से ऐपल के आईफोन का एक्सपोर्ट 12.1 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर रहा था। इस तरह भारत से कंपनी के एक्सपोर्ट में करीब 100 फीसदी तेजी आई।

## टाटा के साथ कॉन्ट्रैक्ट

हाल में खबर आई थी कि ऐपल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर आईफोन बनाने वाली ताइवान की एक और कंपनी टाटा ग्रुप की झोली में आने वाली है। सूत्रों के मुताबिक टाटा ग्रुप ताइवानी कंपनी पेगाट्रॉन की इंडिया यूनिट में मैज्योरिटी स्टेक खरीदने के लिए की तैयारी में है। दोनों कंपनियों के बीच बातचीत एडवांस स्टेज में है। इससे पहले टाटा ग्रुप ऐपल की एक और कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर विस्ट्रॉन को खरीद चुकी है। टाटा ग्रुप ने पिछले साल नवंबर में 12.5 करोड़ डॉलर (1,000 करोड़ रुपये) में इसकी लोकल यूनिट को खरीदा था

# इरडा का बड़ा ऐलान, अब 65 की उम्र के बाद भी खरीद सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडा ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है।



पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा, 'बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।'

इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस?तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## भारत के ग्रैंडमास्टर हैं गुकेश, कार्लसन को भी हरा चुके

● विश्व खिताब से बस कुछ कदम दूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई के 17 वर्षीय डी गुकेश ने प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया था। हालांकि, अब कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में हिकारू नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद वह इस टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के विजेता बन गए हैं। इतना ही नहीं, वह विश्व शतरंज चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी भी बन गए हैं। वह कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए और विश्वनाथन आनंद के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद उनका टूर्नामेंट जीतना तय




नहीं था। सबकुछ बियो कारुआना और इयान नेपोमनियाच्ची के बीच चल रहे अन्य मैच पर टिका था। इन दोनों में से जीतने वाला खिलाड़ी गुकेश के साथ टाई ब्रेकर खेलता। हालांकि, भाग्य गुकेश पर महरबान था, क्योंकि कारुआना और नेपोमनियाच्ची ने ड्रॉ खेला और गुकेश सबसे ज्यादा नौ अंक लेकर शीर्ष पर आ गए और टूर्नामेंट अपने नाम किया। दुनिया को कई बार चौंका चुके गुकेश शतरंज की दुनिया की नई सनसनी 17 वर्षीय गुकेश ने अपने करियर में कई बार दुनिया को चौंकाया है। वह इस छोटी सी उम्र में कई रिकॉर्ड बना चुके हैं।

## लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी। साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे। ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े। हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी ।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये ।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है ।इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये ।पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पावर-प्ले में पचास रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।

## चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव



नई दिल्ली, एजेंसी। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था।

## छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे.

# आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किल...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का क्रिकेट फैन्स को बेसब्री से इंतजार है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है. इस मेगा इवेंट के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. यानी भारतीय टीम का भी जल्द ऐलान होने वाला है. टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की बैठकर इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टीम मीटिंग के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तवज्जो दिए जाने की संभावना है. टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी ये जोर देकर कहा था कि आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही वर्ल्ड कप टीम चुनी जाएगी. द्रविड़ ने माना था कि भारतीय खिलाड़ियों को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारियों का मौका नहीं मिल पाया है. ऐसे में आईपीएल का रोल काफी अहम होगा.

### हार्दिक और राहुल की स्ट्राइक-रेट पर उठे सवाल!

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल भी चयन की रेस में हैं. हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा आईपीएल सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वो उतना संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हार्दिक-राहुल ने आईपीएल 2024 में अपेक्षाकृत स्लो बैटिंग की है, ऐसे में दोनों का वर्ल्ड कप टीम से पत्ता कट भी सकता है. हार्दिक पंड्या मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 7 पारियों में 146.87 की स्ट्राइक-रेट से 141 रन ही बना सके हैं. हार्दिक पंड्या बैटिंग में तो फ्लॉप रहे ही हैं, गेंद से भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है. हार्दिक ने मौजूदा आईपीएल में 11 की खराब इकोनॉमी रेट से 4 विकेट लिए हैं. जबकि केएल राहुल ने सात मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं.



### अभिषेक-शशांक-कार्तिक कर रहे तूफानी बैटिंग

जहां राहुल और हार्दिक जैसे धुरंधर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं अभिषेक शर्मा, अभिषेक पोरेल, शशांक सिंह जैसे खिलाड़ी धुआंधार बैटिंग कर रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने तो 215.96 की स्ट्राइकट-रेट से इस सीजन में रन बनाए हैं. शुरुआती सात मैचों में शशांक की भी स्ट्राइक-रेट लगभग 180 रही. वहीं, अभिषेक पोरेल ने 162.63 की स्ट्राइक रेट से स्कोर किए हैं. 38 साल के दिनेश कार्तिक ने भी तूफानी बैटिंग करके दावदारी पेश की है. कार्तिक की स्ट्राइक रेट लगभग 196 रही है.

### टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

- शनिवार, 1 जून- यूएसए बनाम कनाडा, डलास
- रविवार, 2 जून- वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी, गुयाना
- रविवार, 2 जून- नामीबिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- सोमवार, 3 जून- श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- सोमवार, 3 जून- अफगानिस्तान बनाम युगांडा, गुयाना
- मंगलवार, 4 जून- इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- मंगलवार, 4 जून- नीदरलैंड्स बनाम नेपाल, डलास
- बुधवार, 5 जून- भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 5 जून- पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा, गुयाना
- बुधवार, 5 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- गुरुवार, 6 जून- यूएसए बनाम पाकिस्तान, डलास
- गुरुवार, 6 जून- नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- शुक्रवार, 7 जून- कनाडा बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- शुक्रवार, 7 जून- न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान, गुयाना
- शुक्रवार, 7 जून- श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डलास
- शनिवार, 8 जून- नीदरलैंड्स बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- शनिवार, 8 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस
- शनिवार, 8 जून- वेस्टइंडीज बनाम युगांडा, गुयाना
- रविवार, 9 जून- भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
- रविवार, 9 जून- ओमान बनाम स्कॉटलैंड, एंटीगा
- सोमवार, 10 जून- साउथ अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- पाकिस्तान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- श्रीलंका बनाम नेपाल, फ्लोरिडा
- मंगलवार, 11 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, एंटीगा
- बुधवार, 12 जून- यूएसए बनाम भारत, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 12 जून- वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद
- गुरुवार, 13 जून- इंग्लैंड बनाम ओमान, एंटीगा
- गुरुवार, 13 जून- बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड्स, सेंट विंसेंट
- गुरुवार, 13 जून- अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद
- शुक्रवार, 14 जून- यूएसए बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- शुक्रवार, 14 जून- साउथ अफ्रीका बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- शुक्रवार, 14 जून- न्यूजीलैंड बनाम युगांडा, त्रिनिदाद
- शनिवार, 15 जून- भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा
- शनिवार, 15 जून- नामीबिया बनाम इंग्लैंड, एंटीगा
- शनिवार, 15 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सेंट लूसिया
- रविवार, 16 जून- पाकिस्तान बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- रविवार, 16 जून- बांग्लादेश बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- रविवार, 16 जून- श्रीलंका बनाम नीदरलैंड्स, सेंट लूसिया
- सोमवार, 17 जून- न्यूजीलैंड बनाम पा. न्यू. गिनी, त्रिनिदाद
- सोमवार, 17 जून- वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, सेंट लूसिया
- बुधवार, 19 जून- ए2 बनाम डी1, एंटीगा
- बुधवार, 19 जून- बी1 बनाम सी2, सेंट लूसिया
- गुरुवार, 20 जून- सी1 बनाम ए1, बारबाडोस
- गुरुवार, 20 जून- बी2 बनाम डी2, एंटीगा
- शुक्रवार, 21 जून- बी1 बनाम डी1, सेंट लूसिया
- शुक्रवार, 21 जून- ए2 बनाम सी2, बारबाडोस
- शनिवार, 22 जून- ए1 बनाम डी2, एंटीगा
- शनिवार, 22 जून- सी1 बनाम बी2, सेंट विंसेंट
- रविवार, 23 जून- ए2 बनाम बी1, बारबाडोस
- रविवार, 23 जून- सी2 बनाम डी1, एंटीगा
- सोमवार, 24 जून- बी2 बनाम ए1, सेंट लूसिया
- सोमवार, 24 जून- सी1 बनाम डी2, सेंट विंसेंट
- बुधवार, 26 जून- सेमी 1, गुयाना
- गुरुवार, 27 जून- सेमी 2, त्रिनिदाद
- शनिवार, 29 जून- फाइनल, बारबाडोस

## तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

### 7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को



जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20 गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज़्यादा विकेट झटके.

### पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह का शानदार प्रदर्शन

## हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रियंका और अक्षदीप ने इस दौरान 03ः05ः03 मिनट का समय लिया और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। भारतीय पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने अंताल्या में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। टॉप्स स्कीम योजना के एथलीट प्रियंका और अक्षदीप की जोड़ी ने पैदल चाल की मिक्स्ड मैराथन रेस में 18वें स्थान पर रहकर कोटा हासिल किया।

शीर्ष-22 टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी

इस चैंपियनशिप में शीर्ष 22 टीमें स्वतः ही ओलंपिक के लिए क्वलीफाई कर लेंगी। प्रियंका और अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकेंड में पूरी की और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। इस रेस में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य भारतीय एथलीट मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह तीन घंटे नौ मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ 35वें स्थान पर रहे और ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए।




**वैकल्पिक रूप से दूरी तय करते हैं एथलीट-** मिक्स्ड टीम रिले पैदल चाल में पुरुष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है। पुरुष खिलाड़ी 12.195 किलोमीटर चलता है और फिर महिला 10 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इसके बाद पुरुष और महिला 10-10 किमी चलते हैं। हर चरण के शुरू होने से पहले 20 किलोमीटर चेंजओवर के लिए होते हैं। इटली की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान और स्पेन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

**ओलंपिक में डेब्यू करेगा पैदल चाल में मिक्स्ड रिले इवेंट-** पैदल चाल वर्ग में मैराथन मिक्स्ड रिले इवेंट पेरिस ओलंपिक में डेब्यू करेगा। यह इवेंट रिले प्रारूप में टीमों के साथ आयोजित किया जाता है। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होगा। भारतीय एथलीटों की नजरें पेरिस ओलंपिक में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी।

## प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी?

### अब विराट कोहली की टीम को बचा पाएगा ये एक चमत्कार

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (चयत्र) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार



अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है. इन्हीं सब सवालों के

**अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!-** इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं. उसके लिए भी आरसीबी को अपने बचे हुए बाकी मुकाबलों को अच्छे अंतर से जीतकर नेट रनरेट अच्छा रखना होगा.

## 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास, विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय



नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी। गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है।

**गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा-** चेन्नई से आने वाले 17 साल के डी गुकेश ने इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने के साथ दिग्गज गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया, जिन्होंने उस समय वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने के लिए 22 साल की उम्र में क्वालीफाई किया था।

# सिंकदर में सलमान के साथ नजर आ सकती हैं कियारा

सलमान खान की आने वाली फिल्म सिंकदर की कुछ समय पहले ही घोषणा हुई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा सलमान खान ने ईद के अवसर पर की थी। इसके बाद से सलमान खान की इस फिल्म को लेकर सिने गलियारों में काफी बज है।

इस फिल्म की स्टारकास्ट का अभी तक निर्माताओं ने ऐलान नहीं किया है। फिल्मफेयर के अनुसार इस फिल्म में पहली बार सलमान खान के साथ कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। कियारा के इस फिल्म के पीछे जुड़ने का सबसे बड़ा कारण निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। कियारा साजिद की फिल्म सत्य प्रेम की कथा में नजर आ चुकी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही अदाकारा कियारा आडवाणी को निर्माता साजिद नाडियाडवाला के दफ्तर के बाहर देखा गया।

अदाकारा को साजिद नाडियाडवाला के घर के बाहर उस वक्त स्पॉट किया गया, जब इससे कुछ ही दिन पहले उन्होंने सलमान खान के साथ अपनी अगली फिल्म सिंकदर का धमाकेदार ऐलान किया था।

इसके बाद से ही कयास लग रहे हैं कि कियारा आडवाणी सलमान खान के साथ सिकंदर में नजर आ सकती हैं। हालांकि अभी तक ये रिपोर्ट्स कंफर्म नहीं हुई हैं। ऐसे में हमें भी इस खबर के आधिकारिक ऐलान का इंतजार है।



# तारा ने अपनी खूबसूरती से फैंस को किया हैरान

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने सोशल मीडिया पर एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली फोटो शेयर की। इस फोटो में उनकी सुंदरता देखकर उनके फैंस आश्चर्यचकित रह गए। तारा के इंस्टाग्राम पर 86 लाख फॉलोअर्स हैं। उन्होंने काले रंग की ड्रेस में एक अनदेखी क्लोज-अप फोटो शेयर की। चमकदार मेकअप लुक और फ्रिंज हेयरस्टाइल अपनाते हुए, वह सीधे कैमरे के लेंस में देख रही हैं। एक्ट्रेस की फोटो की तारीफ करते हुए एक फैन ने लिखा, सो क्यूट जबकि दूसरे ने लिखा, स्टनिंग। तारा को पिछली बार 2023 की सर्वाइवल थ्रिलर अपूर्वा में राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी के साथ देखा गया था। इससे पहले वह एक विलेन रिटर्न्स, तड़प और हीरोपंती 2 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।





# पिशाचिनी फेम एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने शेयर की बेहद हॉट तस्वीरें

पिशाचिनी फेम एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने अपनी कुछ बेहद हॉट तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगा दी है। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 64 लाख फॉलोअर्स हैं। उन्होंने कार में बैठे हुए अपनी कुछ फोटोज शेयर की। फोटो में उन्हें स्वीटहार्ट नेकलाइन वाली हरे रंग की स्लीवलेस ड्रेस में देखा जा सकता है। वह मेकअप के साथ बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है। दिवा ने गोल्डन हूप इयररिंग्स को चुना। सेल्फी लेते समय वह सीधे लेंस में देख रही है। पोस्ट पर प्रशंसकों ने तारीफों की झड़ी लगा दी। एक ने टिप्पणी की, सो हॉट जबकि दूसरे ने कहा, आपकी वाइब्स दिन में भी चमकती हैं।नायरा स्टंट-आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 का हिस्सा रह चुकी हैं।वह वन नाइट स्टैंड, वीटा और कुथारा जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

# आयुष्मान खुराना की डेब्यू फिल्म विकी डोनर की रिलीज को 12 साल हुए पूरे, एक्टर ने शेयर किया खास पोस्ट

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना लीक से हटकर फिल्में करने के लिए जाने जाते हैं। वह फिल्मों में अलग ही तरह के किरदारों में नजर आते हैं। आयुष्मान खुराना ने अपना बॉलीवुड डेब्यू भी ऐसी ही एक फिल्म से किया था, जिसका नाम था विक्की डोनर। इस फिल्म का निर्देशन शुजित सरकार ने किया था।

फिल्म विकी डोनर में आयुष्मान खुराना ने स्पर्म डोनर का किरदार निभाया था। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज को 12 साल पूरे हो गए हैं। इस खास मौके पर आयुष्मान खुराना ने एक पोस्ट भी शेयर किया है। दरअसल, आयुष्मान के एक फैन पेज ने फिल्म का एक एनीमे एडिट बनाया है जिसे एक्टर ने शेयर किया है।



इन तस्वीरों को शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा, 12 साल... ये विश्वास करना कठिन है कि समय कैसे बीत जाता है। विकी डोनर ने मुझे एक एक्टर/स्टार के रूप में कन्वेअन्स किया है। और आप सभी को इसकी सालगिरह को इतनी रचनात्मकता के साथ मनाते हुए देखना दिल को छू लेने वाला है। यह उस जादू के लिए जो आप मेरी यात्रा में लेकर आए हैं।

बता दें कि शूजित सरकार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ यामी गौतम अहम किरदार में नजर आई थीं। इस फिल्म की कहानी विक्की नाम के लड़के की जिंदगी पर आधारित थी, जो पैसे कमाने के लिए अपना स्पर्म डोनेट करता है। लेकिन जब उसकी शादी होती है तो उसकी पत्नी को मां बनने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी शादीशुदा जिंदगी में दूरी आ जाती है।

# प्रेरणा सिंह ने बताया, मीठा खट्टा प्यार हमारा का किरदार सजीरी क्यों है उनके दिल के करीब



अपकमिंग शो मीठा खट्टा प्यार हमारा में सजीरी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस प्रेरणा सिंह ने अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की है। शो में अविनाश मिश्रा और आर्ची सचदेवा भी हैं। पुणे की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में सजीरी (प्रेरणा द्वारा अभिनीत) नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है, जो आसानी से दोस्त बन जाती है, भरोसेमंद है और उसे हमेशा फॉर ग्रांटेड लिया जाता है। प्रेरणा ने शो के बारे में कहा कि मीठा खट्टा प्यार हमारा शो का हिस्सा बनने के लिए आभारी होने के साथ-साथ मैं उत्साहित भी हूं। उन्होंने कहा कि सजीरी की भूमिका के लिए मैंने शो के निर्माताओं से संपर्क किया। मैंने सोचा कि इसे आजमाना उचित है क्योंकि सजीरी और प्रेरणा में समान गुण हैं। एक किरदार के रूप में सजीरी दर्शकों को पसंद आएगी, दर्शकों को उसकी मासूमियत देखने को मिलेगी और वह हर स्थिति को मुस्कुराहट के साथ संभाल लेती हैं। प्रेरणा ने कहा कि मुझे सजीरी का किरदार निभाने में मजा आ रहा है। सजीरी मेरे दिल के बहुत करीब है। यह शो सजीरी और शिवम की पेचीदगियों और समीकरणों पर भी केंद्रित है और दिखाएगा कि जब वह खाना बनाती है तो सजीरी का आत्मविश्वास कैसे जीवंत हो जाता है, क्योंकि वह भविष्य में शेफ बनने की उम्मीद करती है। मीठा खट्टा प्यार हमारा का प्रीमियर 24 अप्रैल को शाम 6.30 बजे स्टार प्लस पर होगा।

# अश्विनी अय्यर तिवारी ने दूसरी बार जीता फोर्ब्स सेल्फ मेड वूमन ऑफ इंडिया अवार्ड

अश्विनी अय्यर तिवारी दिलचस्प कहानियाँ सुनाने में बहुत माहिर मानों जाती हैं, जिन्हें लोग बहुत पसंद करते हैं। वह ऐसी कहानियाँ बनाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं, ताकि लोग उन्हें याद रखें और जिनका समाज पर गहरा असर हो। यह सब दिखाता है कि वह एक मजबूत महिला हैं जो अपनी कहानियों से बहुत से लोगों को प्रेरित कर सकती हैं। ऐसे में उनके दृढ़ संकल्प को सलाम करते हुए, उन्होंने दूसरी बार फोर्ब्स सेल्फ-मेड वूमन ऑफ इंडिया का अवॉर्ड जीता है। अश्विनी अय्यर तिवारी ने सम्मान प्राप्त करने पर अपनी खुशी और आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। हमारे देश में कई ऐसे साइलेंट ड्रेमर देखने वाले लोग हैं, जो अपना भविष्य बदलना चाहते हैं। जब आप अपनी अंदर की आवाज को पहचान लेते हैं, तो यह न सिर्फ आपको मजबूत बनाता है, बल्कि आपके आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करता है। यहाँ और भी लोग किंडनेस के साथ कहानियाँ सुनाते हैं।






# कल्कि 2898 एडी के नए पोस्टर में अमिताभ बच्चन का लुक हुआ जारी

भारतीय सिनेमा के इस साल की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित और नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जबकि इंटरनेट पर इस फिल्म के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। पिछले साल हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए सिनेमा आइकन का एक नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफ़ेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। जल्द ही एक बड़ी घोषणा की उम्मीद जताते हुए पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है जिससे दर्शक इस महान रचना के लिए और अधिक उत्साहित हो गए हैं।

- साभार एजेंसी